# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 23 मार्च 2025

संवत 2081, चैत्र कृष्णपक्ष 9 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 197 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ जापान में स्थित है 600 साल पुराना तलाक मंदिर

एक्शन के साथ फिल्म में डांस का भी तड़का लगाएंगे सलमान ◂◂ 6


### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने शहीद जवान को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

# नक्सल के खिलाफ जारी रहेगा अभियानः मुख्यमंत्री

**चाईबासा में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर सुनील मंडल शहीद हो गए थे**





**संवाददाता**

**रांचीः** चाईबासा में हुए आईईडी विस्फोट में वीरगति को प्राप्त हुए सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर सुनील मंडल को रांची स्थित सीआरपीएफ कैम्प में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शहीद जवान को श्रद्धांजलि देने के लिए सीआरपीएफ कैंप में मौजूद रहे।

चाईबासा में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों के द्वारा जमीन के नीचे बिछाए गए आईईडी विस्फोट में सीआरपीएफ 193 बटालियन के शहीद सब इंस्पेक्टर सुनील मण्डल को रांची स्थित सीआरपीएफ कैंप में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। झारखंड के राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने शहीद के शोक संतप्त परिजनों से मिलकर उनका ढाढ़स बंधाया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीदों के परिवार के साथ सरकार का साथ हमेशा रहेगा। शहीद सब इंस्पेक्टर को झारखंड के मुख्य सचिव, डीजीपी अनुराग गुप्ता के साथ आईजी अभियान, आईजी सीआरपीएफ, आईजी रांची, डीआईजी सह रांची एसएसपी चन्दन कुमार ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

**हताशा का है परिणामः** शहीद सब इंस्पेक्टर को श्रद्धांजलि देने के बाद सीएम हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखंड पुलिस के लगातार चल रहा है। ऑपरेशन से नक्सली हताश हैं। पुलिस पर हमला इसी हताशा का परिणाम है। सीएम ने शहीद सब इंस्पेक्टर को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि नक्सलियों का खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

सारंडा वन क्षेत्र में छिपे है कई नक्सली कमांडरः मीडिया रिपोट्स के मुताबिक, सारंडा वन क्षेत्र में कई नक्सली कमांडर अपने दस्तों के साथ छिपे हुए हैं। सुरक्षाबलों से बचने और उन्हें निशाना बनाने के लिए इन माओवादियों ने जगह-जगह जमीन पर आईईडी बिछा कर रखी है। इस पर पैर या हल्का दबाव पड़ते ही विस्फोट हो जाता है। शनिवार दोपहर सुरक्षाबलों का यहां तलाशी अभियान चल रहा था। इस दौरान दो जवान आईईडी की चपेट में आ गए।

# बारात से लौट रही स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकराई, 4 की मौत, 5 घायल



**संवाददाता**

**बेगूसराय :** बिहार के बेगूसराय जिले के नगर थाना क्षेत्र के खतोपुर चौक के पास रविवार सुबह एनएच 31 पर एक स्कॉर्पियो वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक बारात से लौटते समय सब हादसे का शिकार हुए। जानकारी के अनुसार, बेगूसराय के पहाड़पुर गांव से अभिषेक कुमार की शादी में शामिल होने के लिए बारात साहेबपुर कमल इलाके गई थी। शादी के बाद, रविवार सुबह करीब चार बजे, स्कॉर्पियो वाहन एन एच 31 से लौटते समय अचानक पंचर हो गया। टायर पंचर होने के कारण वाहन अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर से टकराकर पलट गया।

घटना में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जिनमें मनोज कुमार सिन्हा के 19 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार और उसका भाई अभिषेक कुमार, रुदल पासवान का 19 वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार और जगदीश पंडित का 18 वर्षीय पुत्र कृष्ण कुमार शामिल हैं। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल पांच लोगों को बेगूसराय सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच कर रही है। सदर डीएसपी सुबोध कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि लोग स्कॉर्पियो से बारात से लौट रहे थे। स्कॉर्पियो की रफ्तार तेज थी, इसलिए अनियंत्रित होकर डिवाइडर को तोड़ते हुए गाड़ी एन एच 31 पर पलट गई। इसके चलते वाहन आगे-पीछे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में चार लोगों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने सभी घायलों को सदर अस्पताल बेगूसराय में भर्ती कराया है।

पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दुर्घटना के सही कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तेज रफ्तार वाहन का टायर पंचर हो गया था, यही वजह है कि उसे नियंत्रित नहीं किया जा सका और हादसा हो गया।

### बिहार में बेखौफ अपराधियों का तांडव!

# अस्पताल में घुसकर महिला निदेशक को गोलियों से भूना, खून से लथपथ मिला शव



**पटनाः** बिहार की राजधानी पटना में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने एक निजी अस्पताल में घुसकर 35 वर्षीय महिला की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

**खून से लथपथ मिला शवः** अधिकारी ने बताया कि मृतका की पहचान सुरभि राज के रूप में हुई है। पटना सिटी-1 के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) अतुलेश झा ने बताया कि सुरभि पटना के अगमकुआं इलाके में स्थित अस्पताल की निदेशक थी, लेकिन वह चिकित्सक नहीं थी। उन्होंने बताया, अगमकुआं थाने को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे सूचना मिली कि अस्पताल के अंदर एक महिला को गोली मार दी गई है। जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची, तो महिला खून से लथपथ मिली और उसके शरीर पर कई गोलियां लगी थीं। उसे तुरंत अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। बाद में उसे पटना एम्स स्थानांतरित कर दिया गया, जहां शाम को उसकी मौत हो गई।

**जांच में जुटी पुलिसः** झा ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि घटना का सही कारण अब तक पता नहीं चल पाया है। झा के अनुसार, फोरेंसिक विशेषज्ञ मौके से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# दिल्ली के डियर पार्क में पेड़ से लटका मिला युवक-युवती का शव, हड़कंप



**नई दिल्ली :** दिल्ली के दक्षिण पश्चिम जिले में डियर पार्क के एक पेड़ से रविवार सुबह एक लड़का और एक लड़की के शव लटके मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है। दिल्ली पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में आत्महत्या का मामला लग रहा है। आगे की जांच चल रही है। पार्क में अचानक एक लड़का और लड़की की लाश मिलने से वहां के स्थानीय लोग भी चौंक गए हैं। पेड़ पर दोनों के शव मिलने की जानकारी सबसे पहले वहां के सिक्योरिटी गार्ड ने दी है।

दिल्ली पुलिस ने घटना के संबंध में बताया कि सुबह 06:31 बजे, बलजीत सिंह जो दिल्ली में जिला पार्क में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करते हैं ने पीसीआर कॉल करके एक पेड़ की शाखा पर एक लड़का और एक लड़की के लटके होने की सूचना दी। कॉल मिलते ही पुलिस कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंच गए थे।

पुलिस ने पाया कि लगभग 17 साल का एक लड़का है जिसने काली टी-शर्ट और नीली जींस पहनी थी और लगभग 17 साल की एक लड़की है जिसने हरे रंग की पोशाक पहनी थी। दोनों एक ही नायलॉन की रस्सी से पेड़ की शाखा पर लटके हुए पाए गए थे। दिल्ली पुलिस ने आगे बताया कि अपराध टीम को निरीक्षण के लिए बुलाया गया और शवों को मुर्दाघर में भेज दिया गया है। आगे की कार्यवाही चल रही है।

## शहर में घुसा तेंदुआ , दहशत

**इटावाः** उत्तर प्रदेश के इटावा शहर के करीब तेंदुआ पहुंचने से दहशत का आलम व्याप्त हो गया है। सबूत के तौर पर राह चलते लोगों ने सड़क पार कर रहे तेंदुए का फोटो मोबाइल फोन में कैद किया गया है, जो अब जम कर वायरल हो रहा है। तेंदुए के शहर के सबसे नजदीक पहुंचने की बात कही जा रही है। दरअसल, रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे के इटावा में वाइस ख्वाजा के आसपास एक तेंदुआ देखा गया जिसका फोटो मोबाइल फोन में कैद किया गया, जो अब वायरल हो रहा है। ऐसा भी बताया गया है कि भदावरी फॉर्म से निकाल करके तेंदुआ बाइस ख्वाजा के भीतर प्रवेश कर गया। तेंदुए के भ्रमण का फोटो अपने मोबाइल फोन में कैद करने वाले इटावा सफारी पार्क के एजुकेशन अफसर कार्तिक द्विवेदी बताते हैं कि वो देर रात करीब साढ़े नौ बजे के आसपास अपने एक साथी रोहित के साथ नुमाइश चौराहे से लायन सफारी जा रहा था, अचानक कुछ आहट होने पर मोबाइल फोन में फोटो लिया, जब जूम करके देखा तो तेंदुआ दिखाई दिया, इससे इस बात का अंदाजा लग गया कि तेंदुआ इस इलाके में भ्रमणशील बना हुआ है।

## पेट्रोल पंपकर्मी की गोली मारकर हत्या, कैश लेकर फरार हुए अपराधी



**जामताड़ाः** शनिवार देर रात जिला के फतेहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक पेट्रोल पंप पर अपराधियों द्वारा फायरिंग और लूट की घटना को अंजाम दिया गया। इस दौरान एक पेट्रोल पंपकर्मी गोली लगने से घायल हो गए। इलाज के दौरान घायल पेट्रोल पंपकर्मी की मौत हो गई। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।

ये घटना फतेहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर साहिबगंज स्टेट हाईवे रोड पर स्थित चौकुंडा नायरा पेट्रोल पंप की है। घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा बताया गया कि एक मोटरसाइकिल से नकाबपोश अपराधी तेल भराने पेट्रोल पंप पहुंचे थे। इस दौरान पेट्रोल पंपकर्मी से रुपए का बैग छीनने का प्रयास करने लगे। जब कर्मी ने इसका विरोध किया तो अपराधियों ने तीन राउंड फायरिंग की। जिससे एक गोली कर्मी के पेट में लग गई। गोली लगते ही कर्मी जमीन पर गिर गया और अपराधी रुपए का बैग लेकर फरार हो गए।

इस घटना के बाद घायल कर्मी को सबसे पहले फतेहपुर सामुदायिक अस्पताल प्राथमिक उपचार के लिए ले जाया गया। बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अपराधियों द्वारा दिए गए घटना की पूरी वारदात पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खंगालने का काम कर रही है और अपराधियों तक पहुंचने का प्रयास में लग गई है। इस पूरे घटना की जानकारी को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज यादव ने बताया कि पेट्रोल पंपकर्मी रात में अपना ड्यूटी कर रहा था। इसी बीच नकाबपोश अपराधी मोटरसाइकिल से आए और लूटपाट के इरादे से हवाई फायरिंग की जिसमें एक गोली कर्मी को लग गई। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। एसडीपीओ मनोज यादव ने कहा कि जांच में कुछ अहम सुराग हासिल हुए हैं। उन्होंने बहुत ही जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी की बात कही है।

## एनएच 19 पर पर दो कंटेनरों में लगी आग, धू-धूकर जल गए दोनों वाहन



**गिरिडीहः** एनएच 19 पर सड़क दुर्घटना के बाद दो कंटेनरों में आग लग गई। जिसमें बीच सड़क पर दो कंटेनर धू-धूकर जल गए। घटना बगोदर थाना क्षेत्र के डोरियो गांव के समीप एनएच-19 पर रविवार अहले सुबह करीब 3:00 बजे की है। घटना की पुष्टि बगोदर थाना प्रभारी अंजन कुमार ने की है। थाना प्रभारी ने बताया कि कोलकाता से दिल्ली की ओर आइसक्रीम लेकर जा रहा एक फ्रीजर कंटेनर सड़क किनारे डिवाइडर से टकरा गया। इस टक्कर के कारण कंटेनर का डीजल टैंक फट गया। जिससे उसमें आग लग गई। वहीं ढलाननुमा सड़क होने के कारण थोड़ी ही देर में आग फैलते हुए आगे खड़ी एक अन्य कंटेनर तक पहुंच गई। जिससे दूसरा कंटेनर भी आग की चपेट में आ गया और देखते ही देखते दोनों वाहन बीच सड़क पर धू-धू कर जलने लगे। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी बगोदर थाना को दी। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी अंजन कुमार के नेतृत्व में बगोदर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। पुलिस ने तुरंत अग्निशमन विभाग को घटना की सूचना दी। पुलिस ने तत्काल एनएचआई के पानी टैंकर मंगवाकर आग बुझाने का प्रयास किया। उसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। सुबह 8:00 बजे तक आग पूरी तरह बुझा दी गई थी, लेकिन तब तक एक वाहन पूरी तरह जल गया था, जबकि दूसरे वाहन का कुछ हिस्सा जल चुका था। हादसे में जल चुके वाहन में एक फ्रीजर कंटेनर था, जिसमें आइसक्रीम लोड थी, जबकि दूसरे कंटेनर में शराब की खाली बोतलें रखी थीं। राहत की बात यह रही कि इस दुर्घटना में दोनों कंटेनरों के चालक और उप चालक पूरी तरह सुरक्षित हैं।

# 'मुझे मत मारो, बच्चों का ख्याल करो...', हाथ जोड़कर लगाई गुहार, पर भाजपा नेता योगेश के सिर पर था खून सवार

**बीजेपी नेता ने पत्नी व तीन बच्चों को मारी गोली, तीनों की मौत, पत्नी गंभीर**



**सहारनपुर :** सहारनपुर में भाजपा के नेता ने अपनी पत्नी और तीन बच्चों को गोली मार दी। हमले में चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बेटे शिवांश, देवांश और बेटी श्रद्धा ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई है।

जानकारी के मुताबिक, तीनों बच्चों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं। वहीं, पुलिस की निगरानी में भाजपा नेता की पत्नी का इलाज कराया जा रहा है। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं, पुलिस ने आरोपी भाजपा नेता को अरेस्ट कर लिया है। जिनकी पहचान सहारनपुर जिला कार्यकारिणी के सदस्य योगेश रोहिल के रूप में हुई है। कहा जा रहा है कि वह काफी समय से मानसिक रूप से बीमार चल रहे थे। हालांकि पुलिस की ओर से अभी तक इस वारदात की कोई ठोस वजह नहीं बताई गई है। पुलिस के मुताबिक सहारनपुर के गंगोह इलाके के सांगाथेड़ा गांव में रहने वाले भाजपा नेता द्वारा इस वारदात की सूचना से पूरे जिले में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे एसपी ग्रामीण फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचे और जांच शुरू कर दी है।

बताया जा रहा है कि वारदात के बाद खुद योगेश रोहिल्ला ने ही पास पड़ोस को घटना की जानकारी दी। बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी और तीनों बच्चों को गोली मार दी है। यह सुनकर पड़ोसी भी हैरान रह गए और मौके पर जाकर हालात देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। इस सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बीजेपी नेता को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

न्यूज ब्रीफ



## रांची स्थित सेल इकाइयों में मिल्लत इफ्तार पार्टी

**रांची:** सेल, रांची इकाइयों की मिल्लत कमेटी ने शुक्रवार शाम इस्पात भवन कैंटीन में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया। इस अवसर पर एसके वर्मा, कार्यपालक निदेशक (सीईटी) संदीप कुमार कर, कार्यपालक निदेशक (आरडीसीआईएस), अनूप कुमार, कार्यपालक निदेशक (सेल सुरक्षा संगठन), वेद प्रकाश, कार्यपालक निदेशक (डिजिटल परिवर्तन), अन्य मुख्य महाप्रबंधक, यूनियन और एसोसिएशन के प्रतिनिधि, कर्मचारी और पूर्व कर्मचारी उपस्थित थे। इस इफ्तार कार्यक्रम में मोहम्मद तौसीफ अंसारी, अध्यक्ष (मिल्लत), असलम अंसारी, सचिव (मिल्लत) और सरफराज आलम, कोषाध्यक्ष (मिल्लत) ने प्रमुख भूमिका निभाई। उन्होंने सेल इकाई, रांची के कर्मचारियों के बीच टीम निर्माण और भाईचारे का संदेश दिया।

## यूएनओ में केंद्रीय मंत्री के संबोधन से कोडरमा की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयां मिलीं : अनूप जोशी



**झुमरी तिलैया:** कोडरमा सांसद एवं भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने यूएनओ में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्र की ओर से संबोधन किया, जिससे कोडरमा की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयाँ मिलीं। उनके इस गौरवपूर्ण कार्य के बाद, आज उनके संसदीय क्षेत्र कोडरमा आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी के नेतृत्व में नीतीश चन्द्रवंशी, राजकुमार यादव, बीरेंद्र मेहता, राजू यादव, बीरेंद्र सिंह, कृष्णा ब्रह्मपुरिया, बीएनपी वर्णवाल, देवनारायण मोदी, चंद्रशेखर जोशी, हरि पंडित, संजय शर्मा, सुदीप्तो घोष, राजेश यादव, हरेंद्र यादव, संतोष केशरी, राकेश शर्मा, संजय सिंह, ईश्वर वर्णवाल सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

## स्कूल भवन की छत गिरी, दो मजदूर दबे, मची अफरा-तफरी



**गिरिडीह:** जिले के बेंगाबाद में हादसा हो गया। यहां स्कूल के पुराने भवन की छत गिर गई है। इस घटना में दो मजदूर के दब जाने की बात कही जा रही है। मामले की सूचना पर बेंगाबाद इंस्पेक्टर ममता कुमारी मौके पर पहुंच गई है और बचाव का कार्य जारी है। यह घटना बेंगाबाद अंचल के दूधीटांड स्थित सरकारी स्कूल की है। बताया जाता है कि दूधीटांड मध्य विद्यालय में एक पुराना भवन है। जो काफी जर्जर है जिसकी छत जर्जर थी। इसी छत को तोड़ने के लिए पांच मजदूर लगाए गए थे। मजदूर छत को तोड़ रहे थे इसी दौरान छत गिर गई और दो मजदूर दब गए। घटना के बाद अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। प्रशासन के कई अधिकारियों के साथ पुलिस अधिकारी पहुंचे और जेसीबी से मलबा हटाने का काम शुरू किया गया। काफी मशक्कत के बाद दबे हुए मजदूरों को निकाला गया। जिन मजदूरों को निकाला गया है वे पश्चिम बंगाल के रहने वाले बताए जा रहे हैं। इंस्पेक्टर ममता कुमारी ने बताया कि छत तोड़ने के दरमियान हादसा हुआ है। छत गिर गई, जिसमें दो मजदूर दब गए। घटना के बाद राहत बचाव का कार्य किया जा रहा है। कहा कि पूरे मामले की छानबीन की जाएगी। घटना को लेकर दबे हुए मजदूरों के साथियों ने बताया कि वे पांच लोग असादुल, हसीबुर, इरशाद, मनिजुल और राजेश यहां छत तोड़ने का काम कर रहे थे। वे सभी पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं। तोड़ने के दरमियान छत गिर गई और दो साथी असादुल और हसीबुर दब गया। दोनों दबे हुए साथी नदिया जिला, पुलासी थाना, काली गंज का रहने वाला था।

### परिसीमन विवाद के बीच बोले मुख्यमंत्री

# झारखंड में आदिवासी सीटों को कम करने का प्रयास पहले भी किया गया

संवाददाता

,हेडिग,लीड,8

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने परिसीमन के चल रहे मुद्दे पर चिंता जताई, राज्य में आदिवासी सीटों की संख्या कम करने के पिछले प्रयास को याद किया, जिसने काफी हंगामा मचाया और अंततः स्थगित कर दिया गया। मीडिया से बात करते हुए, सीएम सोरेन ने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार प्रस्तावित बदलावों के बारे में विस्तृत चर्चा करेगी, आदिवासी समुदायों की चिंताओं को दूर करने के महत्व पर बल दिया। झारखंड के सीएम ने कहा, आप जानते हैं कि यह प्रयास पहले भी किया गया था और राज्य में आदिवासी सीटों की संख्या कम करने का प्रयास किया गया था। इस पर काफी हंगामा हुआ और फिर फैसला टाल दिया गया। अब हम इस पर विस्तार से चर्चा करेंगे। संयुक्त कार्रवाई समिति ने शनिवार को परिसीमन के मुद्दे पर एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें केंद्र सरकार




की ओर से पारदर्शिता और स्पष्टता की कमी पर चिंता व्यक्त की गई। बैठक में कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, ओडिशा कांग्रेस अध्यक्ष भक्त चरण दास और बीजू जनता दल के नेता संजय कुमार दास बर्मा सहित विभिन्न राजनीतिक नेताओं ने भाग लिया। जेएसी ने सर्वसम्मति से केंद्र सरकार से किसी भी परिसीमन अभ्यास पर पारदर्शिता की मांग की और 1971 की जनगणना जनसंख्या के आधार पर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों पर रोक को अगले 25 वर्षों तक बढ़ाने के लिए कहा। जेएसी द्वारा पारित प्रस्ताव में कहा गया है, लोकतंत्र की सामग्री और चरित्र को बेहतर बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा किए गए किसी भी परिसीमन अभ्यास को पारदर्शी तरीके से किया जाना चाहिए, जिससे सभी राज्यों के राजनीतिक दलों, राज्य सरकारों और अन्य हितधारकों को विचार-विमर्श, चर्चा और इसमें योगदान करने का मौका मिले। इसमें कहा गया है,इस तथ्य को देखते हुए कि 42वें, 84वें और 87वें संविधान संशोधनों के पीछे विधायी मंशा उन राज्यों की रक्षा/प्रोत्साहित करना था, जिन्होंने जनसंख्या नियंत्रण उपायों को प्रभावी ढंग से लागू किया है और राष्ट्रीय जनसंख्या स्थिरीकरण का लक्ष्य अभी तक हासिल नहीं हुआ है, 1971 की जनगणना जनसंख्या के आधार पर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों पर रोक को अगले 25 वर्षों तक बढ़ाया जाना चाहिए। तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली जेएसी ने केंद्र सरकार से उन राज्यों को दंडित नहीं करने का आग्रह किया, जिन्होंने जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू किया है। जेएसी ने संकल्प लिया, जिन राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू किया है और परिणामस्वरूप जिनकी जनसंख्या में कमी आई है, उन्हें दंडित नहीं किया जाना चाहिए। केंद्र सरकार को इस उद्देश्य के लिए आवश्यक संवैधानिक संशोधन लागू करना चाहिए।

## पानी की बबार्दी रोकने के लिए जागरूकता फैलाने का लिया संकल्प

संवाददाता

**धनबाद :** विश्व जल दिवस के अवसर पर शहर विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय और एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में शनिवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष की थीम के तहत जल संरक्षण और सतत विकास पर विशेष जोर दिया गया। शिक्षण संस्थानों में सेमिनार, वर्कशॉप और रैलियों का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रमों में जल संकट, वर्षा जल संचयन और जल संसाधनों के सतत उपयोग पर चर्चा की गयी। शिक्षकों और छात्रों ने संकल्प लिया कि वे पानी की बबार्दी रोकने के लिए जागरूकता फैलायेंगे। और अपने दैनिक जीवन में जल संरक्षण को प्राथमिकता देंगे।

**बीबीएमकेयू में जनसंचार विभाग ने लगायी फोटो प्रदर्शनी :** बीबीएमकेयू के स्नातकोत्तर जनसंचार विभाग में विश्व जल दिवस के अवसर पर फोटो प्रदर्शनी लगायी गयी। इस प्रदर्शनी में विभाग के विद्यार्थियों ने जल से संबंधित तस्वीरें प्रदर्शित कीं, जिन्हें उन्होंने स्वयं अपने कैमरे और मोबाइल से कैद किया था। कार्यक्रम में जनसंचार



विभागाध्यक्ष डॉ जितेंद्र आर्यन ने सभी तस्वीरों का अवलोकन किया और उनकी थीम व कैप्शन के बारे में विद्यार्थियों से चर्चा की। उन्होंने जल संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि केवल थीम प्रस्तुत करने से जल संरक्षित नहीं होगा, बल्कि इसे जीवन में अपनाना आवश्यक है। सहायक प्रोफेसर डॉ विकास चंद्र ने जल संकट और संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला, जबकि हर्षित कच्छप ने जल बचाने के विभिन्न उपाय सुझाये। प्रदर्शनी में अंजली कुमारी, हेमंत, वसीम, सिमरन, विजय, प्रीति सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**एसएसएलएनटी महिला कॉलेज :** एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में जल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ। मोनालिसा और प्रोफेसर निरजा ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत में प्रोफेसर इंचार्ज बिमल मिंज ने जल के महत्व को बताया और जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। प्रो इंदु लालिमा ने भी जल के महत्व के बारे छात्रों को बताया व काव्य पाठ किया। इसके बाद छात्राओं ने भी जल के महत्व और संरक्षण के बारे में विचार प्रस्तुत किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर नीरजा ने दिया। मौके पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित थे।

**आरोग्य भारती ने किया संगोष्ठी का आयोजन :** विश्व जल दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यालय, जगजीवन नगर में आरोग्य भारती (पर्यावरण विभाग) द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन पर संगोष्ठी आयोजित की गयी। अध्यक्षता व संचालन जिला अध्यक्ष डॉ विकास रमन ने किया। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि आइआइटी आइएसएम के पर्यावरण विभाग के डॉ अंशु माली ने कहा कि जल संरक्षण के लिए वैज्ञानिक तरीके अपनाना आवश्यक है। उन्होंने स्वच्छ जल की उपलब्धता को संवैधानिक अधिकार बताया। पर्यावरणविद् डॉ उपेंद्र कुमार ने वर्षा जल संचयन और घरेलू जल प्रबंधन पर चर्चा की। संयुक्त सचिव जयप्रकाश सिंह ने जल संचयन के छोटे-छोटे उपायों पर जोर दिया। पर्यावरण प्रमुख अरुण कुमार राय ने जल प्रदूषण रोकने के उपाय बताये। इस अवसर पर कई समाजसेवी, कार्यकर्ता और प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

## ग्लोरियल पब्लिक स्कूल में प्ले ग्रुप से कक्षा नवमीं तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

### गुणवतापूर्ण शिक्षा देने के लिए स्कूल के शिक्षक कटिबद्ध : पंकज सिंह



मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमाः** प्रखण्ड अंतर्गत लारियाडीह पंचायत स्थित ग्लोरियल पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम दिन शनिवार को घोषित कर दिए गए हैं। घोषित बेहतर परिणाम से छात्रों और अभिभावकों में खुशी की लहर है। विद्यालय प्रशासन ने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया और शिक्षकों का अहम योगदान की सराहना की। विद्यालय के प्राचार्य पंकज सिंह ने बताया कि इस वर्ष परीक्षा में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक और गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे। ग्लोरियस पब्लिक स्कूल में गुणवतापूर्ण शिक्षा छात्र- छात्राओं को देने के लिए सभी शिक्षक कटिबद्ध है। वहीं विद्यालय प्रशासन ने सभी छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और आगामी सत्र के लिए नए लक्ष्यों को प्राप्त करने की प्रेरणा दी।

# मंईयां सम्मान योजना को लेकर विस में विपक्ष का हंगामा

### धनबाद में मंईयां सम्मान योजना को लेकर महिलाओं के बीच हुई मारपीट पर विपक्ष सदन में आक्रामक नजर आया



संवाददाता

**रांचीः** मंईयां सम्मान योजना को लेकर महिलाओं में बढ़ रहा आक्रोश धनबाद से झारखंड विधानसभा तक पहुंच गया है। धनबाद में महिलाओं के बीच मारपीट की खबर जैसे ही विधानसभा में पहुंची, सदन में भाजपा विधायकों ने इस पर सरकार को घेरना शुरू कर दिया।

भाजपा विधायक राज सिन्हा ने मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष से इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने की मांग करते हुए कहा कि आप पैसा दें या नहीं दें, लेकिन ऐसी व्यवस्था करें कि समाज बंटे नहीं। उन्होंने कहा कि स्थिति ऐसी है कि महिलाएं सिरफुटौव्वल कर रही हैं और मारपीट कर रही हैं, प्रतिदिन हजारों महिलाएं अंचल कार्यालय में लाइन में खड़ी रहती हैं, सीओ मौजूद नहीं रहते और न ही कोई अधिकारी उन्हें संतुष्ट कर रहे हैं, ऐसी स्थिति में धनबाद में इसकी शुरूआत हो गई है, धीरे-धीरे ऐसा ना हो कि हर जिले में महिलाएं मारपीट पर उतर जाए।

इधर, गढ़वा में मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने को लेकर महिलाओं के बीच हुई घटना का जिक्र करते हुए विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि हम पहले से ही कह रहे थे कि यह अव्यवहारिक निर्णय है, जिसका दुष्परिणाम सामने आ रहा है। अगर सरकार को महिलाओं को सम्मान राशि देनी है तो 18 से 50 वर्ष की सभी महिलाओं को सम्मान राशि दे, न कि भेदभाव कर उन्हें आपस में लड़ाए। लेकिन चुनाव के दौरान उन्हें वोट लेना था, इसलिए उन्होंने सभी महिलाओं को गुमराह कर पहले 1000 दिया और फिर 2500 रुपए देने की बात कह कर अपना काम करवा लिया।

**सभी पात्र महिलाओं को मिलेगा योजना का लाभ- अरूप चटर्जी :** निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने मंईयां सम्मान योजना के लिए महिलाओं को हो रही परेशानी और मारपीट की घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि सभी पात्र महिलाओं को इस योजना का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की प्राथमिकता वाली योजना है। आने वाले समय में हर प्रखंड में देखा जाएगा कि इस योजना से महिलाओं का नाम क्यों छूटा है।

**श्रम एवं उद्योग विभाग का बजट पारित :** बजट सत्र के दौरान सदन में भोजनावकाश के बाद श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, उद्योग विभाग, भवन निर्माण विभाग एवं ऊर्जा विभाग की अनुदान मांगों पर गरमागरम चर्चा हुई। सदन में विपक्ष ने राज सिन्हा के कटौती प्रस्ताव पर सरकार को घेरने की कोशिश की, जबकि सत्ता पक्ष की ओर से चर्चा में भाग ले रहे विधायकों ने इसका बचाव किया।

सरकार की ओर से विभागीय मंत्री संजय प्रसाद यादव ने सदन में जवाब दिया। इस दौरान अभिभाषण के माध्यम से संजय प्रसाद यादव ने विपक्ष पर निशाना साधा। साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में विकास योजनाओं को गति देने का आश्वासन दिया।

## मंईयां योजना की राशि के लिए महिलाओं में मारपीट, बीच बचाव के लिए दौड़ी आयी पुलिस

**धनबादः** मंईयां योजना की सम्मान राशि पाने को लेकर धनबाद अंचल कार्यालय में महिलाओं और पुरुषों की भारी भीड़ देखी जा रही है। इस दौरान महिलाओं के बीच मारपीट देखने को मिली। बता दें कि धनबाद में 51 हजार से अधिक लाभार्थियों को अभी तक योजना की सम्मान राशि नहीं मिली है, जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। आज सुबह से ही अंचल कार्यालय के बाहर सैकड़ों महिलाएं और पुरुष अपने कागजात के साथ लाइन में खड़े नजर आए। कई महिलाएं सुबह 7 बजे से ही अपनी बारी का इंतजार कर रही थीं। कतार में काफी देर से खड़े होने के कारण महिलाएं थक चुकी थी, जिसकी वजह से वे कतार से निकलकर चबूतरे पर बैठ गई। तभी कतार आगे बढ़ने लगी। चबूतरे पर बैठी महिलाएं कतार में जाने लगी तो इसी बात को लेकर लाइन में लगी महिलाओं से उनका विवाद हो गया। इस दौरान महिलाओं में आपस में जमकर मारपीट हुई। बीच बचाव के लिए मौके पर सदर थाना पुलिस आई और हंगामा शांत कराया गया।



**पुरुषों ने संभाला मोर्चाः** कई महिलाएं व्यक्तिगत कारणों से कार्यालय नहीं पहुंच सकीं। ऐसे में उनके परिवार के पुरुष सदस्य उनकी जगह लाइन में खड़े होकर कागजात ठीक कराने में जुटे हुए हैं। भारी भीड़ के बीच माहौल तनावपूर्ण बन गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। वहीं, लाभार्थियों का कहना है कि पहले चार किस्तें मिलने के बाद इस बार उन्हें सम्मान राशि नहीं मिली है। कुछ महिलाओं का आरोप है कि उन्हें अभी तक एक भी किस्त का भुगतान नहीं हुआ है। इससे परेशान लोग सरकार और प्रशासन पर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं।

# बारिश और ओलावृष्टि के बाद फिर लौटी ठंड, लोगों ने निकाले गर्म कपड़े

## आज भी ऐसा ही रहेगा मौसम, रांची का पारा 10 डिग्री गिरा

**संवाददाता**

**रांची:** राज्य में लगातार हर रोज बारिश देखने को मिल रही है। बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई जिससे लोगों को काफी राहत मिल रही है। वहीं, मौसम विभाग ने आज भी बारिश और वज्रपात की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को कोल्हान और संताल परगना में तेज हवाओं के साथ गरज, बिजली गिरने और बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान के अनुसार, 23 मार्च को राज्य के उत्तर पूर्वी हिस्से देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, जामताड़ा, धनबाद, गिरिडीह और साहिबगंज में कहीं- कहीं मेघ गर्जन के साथ मध्यम दर्जे की



वर्षा हो सकती है। दक्षिणी हिस्से पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां के अलावा निकटवर्ती मध्य भाग यानी रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, खूंटी और बोकारो में मेघ गर्जन के साथ बिजली गिरने और 30 से 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा बहने की संभावना है। 24 से 26 मार्च तक राजधानी समेत पूरे राज्य में आसमान मुख्यतः साफ रहेगा और मौसम शुष्क बना रहेगा।

**बारिश होने से रांची में 10 डिग्री गिरा पारा:** पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो राज्य में लगभग सभी स्थानों पर हल्की व मध्यम दर्जे की वर्षा हुई, जबकि कहीं-कहीं पर मेघ गर्जन, आंधी और ओलावृष्टि के साथ भारी वर्षा हुई। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री सेल्सियस बहरागोड़ा का रिकॉर्ड किया गया। बीते शनिवार को हुई झमाझम बारिश और ओलावृष्टि ने राजधानी रांची समेत पूरे राज्य के मौसम का मिजाज बदलकर रख दिया है। बारिश होने से रांची में तापमान लगभग 10 डिग्री गिरकर 34 से 24 डिग्री पहुंच गया। तापमान गिरने से ठंड फिर से लौट आई और लोगों को फिर से गर्म कपड़े निकालने पड़े। राजधानी में तो लोगों ने गर्म कपड़े तक निकाल लिए हैं। वहीं, बारिश से किसानों की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है।

## भगत सिंह को दी गयी श्रद्धांजलि



**मेट्रो रेज**

**रांची:** शहीद दिवस पर आज चुटिया रांची स्थित भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई । इस कार्यक्रम में विजय कुमार साहू पूर्व पार्षद, डॉ राजेश सिंह, कृष्णा साहू,सोनू साव, अमन श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, नकुल नायक ,आशीष कुमार, अश्विनी कुमार ,संकेत कुमार गोल्डी कुमार आदित्य श्रीवास्तव श्रद्धांजलि दी।

## सड़कों पर बहा नाली का गंदा पानी

### आधे घंटे की बारिश से नारकीय हुई स्थिति



**संवाददाता**

**रांची :** शनिवार को राजधानी में करीब आधे घंटे तक झमाझम बारिश हुई। इस बारिश में जाम पड़ी नालियों का काला पानी सड़कों पर बहने लगा। जिससे वाहन चालकों के साथ-साथ आम लोगों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। मोरहाबादी स्थित लखराज गली, खेलगांव स्टेडियम के मुख्य द्वार के समीप, पगला बाबा आश्रम, डिस्टलरी पुल के समीप, कांके रोड में कृषि भवन के समीप, जयपाल सिंह स्टेडियम के समीप बारिश का पानी सड़कों पर ही थम गया था।

## लायंस क्लब ने स्कूली छात्राओं के बीच बांटा सैनेटरी पैड



**मेट्रो रेज**

**रांची:** लायंस क्लब ऑफ रांची ग्रेटर के अध्यक्ष संजीव चौधरी की अध्यक्षता में क्षितिज मूक बधिर स्कूल,डोरंडा में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब की महिला लायन वर्षा चौधरी,लायन बाला सिंह,लायन पुष्पलता वर्मा,लायन अपर्णा झा,लायन रश्मि सिंह,लायन दीपाली रस्तोगी,लायन सत्या वर्मा,रांची फेमिना लायन आशा माहेश्वरी व अन्य द्वारा स्कूली लड़कियों के बीच वूमेन पर्सनल हाइजीन की जानकारी ,सैनेटरी पैड एवं बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री कॉपी, कलम,पेंसिल , चौकोपाई व अन्य समानों का वितरण किया गया।

इस मौके पर लायन मनोज काबरा,लायन एसकेडे,लायन धर्मेंद्र सिन्हा,लायन सुजीत कुमार,लायन विजय कुमार पाठक,लायन अभिषेक झाझरिया,लायन राकेश अग्रवाल,लायन सव्य वर्मा, लायन सुजीत वर्मा व अन्य मौजूद थे। उक्त जानकारी समाजसेवी लायन शिव किशोर शर्मा ने दी है।

### केंद्र ने कई प्रायोजित योजनाओं के लिए अपने अनुदान में की कटौती , मंत्री ने कहा-

## इससे झारखंड का विकास प्रभावित हुआ

**संवाददाता**

**रांची:** जेएमएम के नेतृत्व वाली सरकार ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने कई प्रायोजित योजनाओं के लिए अपने अनुदान में कटौती की है, जिससे राज्य का विकास प्रभावित हुआ है। विधानसभा में कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव के एक सवाल का जवाब देते हुए संसदीय कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि सरकार जल्द ही केंद्र द्वारा राज्य को दिए जाने वाले अनुदान, ऋण और विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं पर उनके प्रभाव का व्यापक अध्ययन करेगी।

सरकार ने अपने लिखित जवाब में कहा कि झारखंड को केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए केंद्र से अनुदान के रूप में 2022-23 में 8,828.89 करोड़ रुपये, 2023-24 में 8,980.63



करोड़ रुपये और चालू वित्त वर्ष 2024-25 में जनवरी तक 5,736.27 करोड़ रुपये मिले। कुमार ने सदन को बताया, ''राज्य को दिए जाने वाले केंद्रीय कर और अनुदान में कमी आई है। केंद्र के सौतेले रवैये ने झारखंड के विकास को प्रभावित किया है।'' झारखंड के मंत्री ने कहा कि केंद्रीय अनुदान में कमी के मद्देनजर विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं और लोगों पर इसके प्रभाव का आकलन किया जाएगा। यादव ने दावा किया कि पड़ोसी राज्य बिहार को 2023-24 में केंद्रीय कर और अनुदान के रूप में 1.65 लाख करोड़ रुपये मिले, जबकि झारखंड को इस दौरान मात्र 46,000 करोड़ रुपये मिले। उन्होंने झारखंड के आंकड़ों की तुलना पड़ोसी राज्यों से करते हुए केंद्रीय अनुदानों पर अध्ययन की मांग की।

जवाब में कुमार ने कहा, ''सरकार झारखंड और उसके पड़ोसी राज्यों को दिए गए केंद्रीय ऋण और अनुदानों पर व्यापक अध्ययन करेगी। झारखंड के लिए फंड में कटौती का तुलनात्मक आकलन भी किया जाएगा। इसके बाद एक रिपोर्ट सार्वजनिक की जाएगी।'' मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और विधायक कल्पना सोरेन ने भी केंद्र से मिले ऋण के बारे में जानना चाहा। कुमार ने कहा कि राज्य को केंद्र से 2008-09 से 2013-14 तक 20,825 करोड़ रुपये, 2014-15 और 2018-19 के बीच 42,956 करोड़ रुपये और 2019-20 में 9,593 करोड़ रुपये ऋण के रूप में मिले।

## युवक ने की आत्महत्या, पुलिस पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

संवाददाता

**हजारीबाग:** जिले के लोहसिंघना थाना क्षेत्र के शिवपुरी में 25 वर्षीय युवक सौरभ सिन्हा ने आत्महत्या कर ली है। मृतक के परिजनों ने पुलिस पर ही आरोप लगा दिया है कि अत्यधिक दबाव के कारण उसने खुद की जान ले ली। वहीं इस मामले को लेकर पुलिस ने कहा है कि किसी पर कोई दबाव नहीं था। पूरे मामले की तफ्तीश की जा रही है।

हजारीबाग में स्थानीय पुलिस पर गंभीर आरोप लगा है कि पुलिसिया दबाव बनाने के कारण युवक ने आत्महत्या कर ली। दरअसल माजरा यह है कि 25 वर्षीय सौरभ सिन्हा ने आत्महत्या कर ली। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि पुलिस टॉर्चर के कारण सौरभ ने आत्महत्या कर ली।

परिजनों द्वारा दी गयी जानकारी के मुताबिक सौरभ सिन्हा कपड़े की दुकान में काम करता था। 1.40 लाख रुपये के लेनदेन को लेकर दुकानदार ने उसके खिलाफ बड़ा बाजार थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए बुलाया था।

परिजनों बताया कि पुलिस ने सौरभ पर अत्यधिक दबाव बनाया जिससे परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली है। इस घटना को लेकर परिजनों और स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। आरोपित पुलिस और दुकानदार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं।

इस मामले में सदर एसडीपीओ अमित आनंद और बड़ा बाजार थाना के थाना प्रभारी बिट्टू रजक ने बताया कि परिजनों का आरोप सरासर गलत है। पिछले दिन पैसे के लेनदेन को लेकर थाना में आवेदन प्राप्त हुआ था। प्राथमिक दर्ज कर युवक से पूछताछ भी की जा रही थी। आगामी 25 मार्च को अपना पक्ष रखने के लिए युवक सौरभ को नोटिस भी दिया गया था। मृतक के परिजनों के द्वारा आवेदन प्राप्त होने के बाद आगे की जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी।

## दाखिल-खारिज शिविर में निबटाये गये 829 मामले

**रांची:** डीसी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर शनिवार को जिला के विभिन्न अंचल में दाखिल खारिज के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 3,467 मामले आये, जिसमें 829 स्वीकृत व 466 अस्वीकृत हुए। विभिन्न अंचलों में 10 डिसमिल से कम के बिना आपत्ति (30 दिनों) और आपत्ति के साथ (90 दिनों) के मामलों के निष्पादन के लिए शिविर का आयोजन किया गया था। इसके अलावा 90 से 180 दिनों तक और 180 दिनों से अधिक के लंबित मामलों का निष्पादन भी किया गया। शिविर में आवेदकों को करेक्शन स्लिप भी निर्गत किया गया। शिविर में अरगोड़ा में 10 में सात, अनगड़ा में 292 में 62, बड़गाईं में 144 में 24, बेड़ो में 119 में 22, बुंडू में 10 में सात, बुढ़मू में 220 में 32, चान्हो में 207 में 46, हेहल में 33 में 25, इटकी में 92 में 25, कांके में 486 में 57, लापुंग में 22 में 22, मांडर में 328 में 53, नगड़ी में 101 में 46, नामकुम में 514 में 192, ओरमांझी में 307 में 58, राहे में दो में दो, रातू में 474 में 122, शहर अंचल में 63 में 15, सोनाहातू में दो में दो, तमाड़ में 26 में 10 मामले स्वीकृत किये गये। सिल्ली में एक भी मामले का निष्पादन नहीं हुआ।

## प्रदूषण नियंत्रण पर्षद कानून का नहीं कर रहा पालन: सरयू राय

**संवाददाता**

**रांची/बोकारो:** दामोदर बचाओ आंदोलन के अध्यक्ष एवं विधायक सरयू राय ने कहा कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद की स्थिति खराब हो गई है। राय ने बीते शनिवार को विश्व जल दिवस पर यहां आयोजित समारोह में कहा कि स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में लाये गए कानून के तहत प्रदूषण नियंत्रण पर्षद की ओर से कार्य नहीं किया जा रहे हैं, जो दुखद है। उन्होंने कहा कि देश के हर क्षेत्र में जल संकट है। इस संकट से उबरने के लिए हमें छोटी-छोटी नदियों का जल संरक्षण पर ध्यान देना होगा। छोटी नदियों से ही बड़ी नदी बनी है। छोटी नदियों पर ही विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठान लगते हैं जिसके कारण छोटी नदियां प्रदूषण से प्रभावित होता है और वह शहर को प्रभावित करता है।

राय ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1993 में विश्व जल दिवस का घोषणा किया। इसके बाद यह दिवस मनाया जाने लगा है। वर्ष



1986 में एनवायरमेंट प्रोटेस्ट एक्ट लाया गया, लेकिन यह कानून पूरी तरह से लागू नहीं हो रहा है। वर्ष 2016 में पावर प्लांट के ऐश पॉल्यूशन के लिए कानून लाए गए, लेकिन इस कानून के तहत कोई भी नियम संगत कार्य नहीं किये जा रहे हैं। राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद की स्थिति खराब है। पावर प्लांट के राख से खतरा पैदा हो रहा है। हमें इसके नियंत्रण के लिए पंचायत स्तर पर स्थानीय लोगों को अधिकार देना होगा तभी उद्योग से हो रहे हैं प्रदूषण कम हो सकता है। राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद के अधिकारी को अपनी जिम्मेदारी लेनी होगी। विधायक ने कहा कि शहर के नदियों को गंदा ना कर सके इसके लिए कानून बने हैं लेकिन लागू नहीं हो रहे हैं। वैज्ञानिको के आंकड़े संकलन से सरकार योजना बनाती है। वॉटर रिसाइक्लिंग पानी संरक्षण की अच्छी तकनीक है। इस तकनीक से रुपये भी कम खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि बोकारो स्टील प्लांट को तेनुघाट से पानी लेने के लिए प्रति माह 11 करोड़ रुपये भुगतान करने पड़ रहे हैं। यदि रिसाइक्लिंग तकनीक लाई जय तो इस 11 करोड़ रुपये को बचाया जा सकता है साथ ही जल संरक्षण भी होगा।

राय ने कहा कि आईआईटी एव आइएसएम धनबाद के प्रोफेसर अंशुमाली ने कहा कि जिला का अच्छी प्रतिशत भाग रिवर्स का होना चाहिए, लेकिन यह घटकर मात्र एक से दो प्रतिशत हो गया है, वहीं छोटी नदियों का क्षेत्रफल 8 से 10 प्रतिशत झारखंड में पहाड़ियों और पठार के बीच नदियां है। हमें वन संरक्षण और छोटी नदियों पर ध्यान देने की जरूरत है। बोकारो स्टील प्लांट के पर्यावरण माह प्रबन्धक नवीन कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि बोकारो स्टील प्लांट रासायनिक युक्त लाल पानी दामोदर में मिलता था जिसे नियंत्रित कर लिया गया। रीसाइकलिंग प्लांट लगाए गए। दो और रीसाइक्लिंग प्लांट लगाकर वर्ष 2027 तक जीरो डिस्चार्ज वाटर कर दिया जाएगा, जो शहर नदियां प्रदूषण मुक्त हो जाएंगे। सम्मेलन को दामोदर बचाओ आंदोलन के प्रदेश संयोजक प्रवीण कुमार सिंह, श्रवण कुमार जदयू झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अशोक चौधरी ने संबोधित किया।

## बंदी में कूड़ा उठाव का काम रहा ठप

**रांची:** आदिवासी संगठनों के चक्का जाम को देखते हुए शनिवार को शहर में कूड़ा उठाव का काम ठप रहा। कूड़ा उठाव के लिए सुबह छह बजे कुछ वाहन सड़कों पर निकले थे, लेकिन आठ बजे के करीब जैसे ही बंद समर्थक सड़कों पर निकलने लगे। सभी कूड़ा वाहन को शहर के विभिन्न कचरा स्टेशन में लाकर खड़ा कर दिया गया। ड्राइवर व हेल्पर इंतजार में रहे कि स्थिति सामान्य होने पर कूड़ा का उठाव करेंगे, लेकिन चौक-चौराहों पर बंद समर्थकों के जमावड़ा को देखते हुए वाहनों को सड़क पर नहीं निकालने का निर्णय लिया।

इधर, पेयजल संकट को देखते हुए नगर निगम के टैंकरों द्वारा वर्तमान में 70 जगहों पर जलापूर्ति की जा रही है। लेकिन चक्का जाम को देखते हुए सुबह में कुछ टैंकर ही पानी वितरण के लिए निकले। इसके बाद सारे टैंकरों को बकरी बाजार स्टोर में लाकर खड़ा कर दिया गया।


### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला

(गुमशुदा की तलाश)



सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि लापता व्यक्ति बिन्दु अहीर, ग्राम–फसिया पोढ़ाटोली, पो0–फसिया, थाना+जिला–गुमला जो चेननई काम करने जाने के दौरान आंध्र प्रदेश के अन्नवरमस्टेशन में पानी पीने कह कर स्टेशन में उतरे और वापस नहीं चढ़ पाये और कही गुम हो गये। जिसके संबंध में गुमला थाना सन्हा सं0–15/2025 दिनांक–02.03.2025 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है।

**लापता व्यक्ति बिन्दु अहीर का हुलिया निम्न प्रकार है :–**

1. नाम –बिन्दु अहीर, 2. उम्र–करीब 50 वर्ष, 3. चेहर–लम्बा, 4. बाल–काला, 5. आँखें–छोटे एवं काले, 6. कद–लगभग 5'7'' इंच, 7. रहन–सहन–सांवला, 5. पहनावा–चेकदार शर्ट एवं फुलपैंट।

इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि उपरोक्त लापता लापता व्यक्ति बिन्दु अहीर के बारे में कोई पहचान/जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गुमला या निम्नांकित मो0 नं0 पर संपर्क कर इसकी सूचना दे सकते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पुलिस अधीक्षक गुमला – | 9431706376 |
| 2. | पुलिस उपाधीक्षक (मु0) गुमला – | 9471182113 |
| 3. | अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी गुमला – | 9431706202 |
| 4. | थाना प्रभारी, गुमला – | 9431397113 |

पुलिस अधीक्षक,
गुमला

PR349023 (Police)24-25*D



## कैसे काम करती है बुलेट प्रूफ जैकेट?

कभी न कभी कहीं न कहीं आपने बुलेट प्रूफ जैकेट के बारे में जरूर सुना होगा। आपने फिल्मों में इसे देखा होगा या फिर किसी आर्मी या पुलिस अफसर को इसे पहनते हुए भी देखा होगा। लेकिन क्या आपको पता है कि ये जैकेटें क्यों प्रयोग की जाती हैं? और अगर आप एक बुलेट प्रूफ जैकेट खरीदना चाहते हैं, तो आपको कितने पैसे खर्च करने पड़ेंगे। अगर नहीं तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं।

बुलेट प्रूफ जैकेट का काम क्या होता है? बुलेटप्रूफ जैकेट व्यक्ति को पिस्तौल या बंदूक से चली गई गोली से हानि होने से बचाती है। दरअसल इसे मुख्य रूप से पुलिस, सैनिकों और अन्य सुरक्षा कर्मियों द्वारा प्रयोग किया जाता है, जो बड़े खतरे में होते हैं और जिन्हें ऐसी घटनाओं से बचने की आवश्यकता होती है। इसके अलावा, विशेषज्ञों, नेताओं और देश के अन्य महान व्यक्तियों को भी ऐसी विकट स्थितियों में इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती हैं।


### गोली को कैसे रोकती है यह जैकेट?

वास्तव में, जब बुलेट जैकेट का सामना किसी गोली से होता है, तो उस गोली जैकेट के कड़क हिस्से में प्रवेश करती है। यह गोली की नुकीली त्वचा के नीचे वितरित हो जाती है और इससे गोली की स्पीड में कमी आ जाती है, जिससे उसका प्रभाव कम हो जाता है। साथ ही, जैकेट के नुकीले हिस्से में आने वाली गोली को रोकने के लिए बैलिस्टिक प्लेट का उपयोग किया जाता है। जिससे जैकेट पहने व्यक्ति को किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं होता।

### बुलेट प्रूफ जैकेट की कीमत कितनी होती है?

जानकारी के अनुसार बुलेट प्रूफ जैकेट की कीमत 40 हजार रुपये से शुरू होती है और 2 लाख तक की भी हो सकती है, जो उसकी गुणवत्ता और प्रकार पर निर्भर करती है। इसके अतिरिक्त, आजकल एडवांस्ड जैकेट भी उपलब्ध हैं जो काफी हल्की होती हैं। इसके अलावा, जब कोई बुलेट प्रूफ जैकेट पहने व्यक्ति को गोली लगती है, तो उसे उस इम्पैक्ट का एहसास होता है जैसे कोई उसे धक्का दे दिया हो, हालांकि इससे व्यक्ति को किसी भी तरह का नुकसान नहीं होता।



# एराक्नोकैंपा ल्युमिनोसा नामक ग्लोवॉर्म से चमकती हैं वेटोमो ग्लोवॉर्म गुफाएं

**न्यूजीलैंड की वेटोमो ग्लोवॉर्म गुफा ऐसी नजर आती है, जैसे तारों से जगमगाता आसमान। दरअसल यहां एराक्नोकैंपा ल्युमिनोसा नामक ग्लोवॉर्म पाए जाते हैं। ये जीव एक रासायनिक प्रक्रिया करते हैं, जिससे रोशनी पैदा होती है। यह रोशनी अपने शिकार को आकर्षित करने के लिए होती है। इस दौरान यह सिल्क जैसे लंबे जाल बुनते हैं ताकि इसमें फंसने वाले जीवों का शिकार कर सकें। ये जीव जितने ज्यादा भूखे होते हैं उतनी ज्यादा रोशनी पैदा करते हैं। इसे देखने के लिए यहां पर्यटकों का तांता लगा रहता है।**



क्या आप प्रागैतिहासिक गुफाओं के माध्यम से एक स्वप्निल सवारी करना चाहते हैं जो एक परी कथा की दुनिया से मिलती जुलती है? न्यूज़ीलैंड में वेटोमो ग्लोवॉर्म गुफाये किसी चित्र पोस्टकार्ड से कम नहीं दिखता, उत्तरी द्वीप के वेटोमो क्षेत्र में मंद रोशनी वाली और चमकते कीड़ों द्वारा आश्चर्यजनक रूप से सजाई गई है। चूना पत्थर की गुफाएँ ऑकलैंड के दक्षिण से घुमावदार पहाड़ियों के नीचे 2 घंटे की दूरी पर हैं।

न्यूजीलैंड की ग्लोवॉर्म गुफाएं अनोखी हैं, जिन्हें कुदरत का चमत्कार कहना गलत नहीं होगा, क्योंकि इनकी छतें रात के अंधेरे में तारों से रोशन आसमान की तरह दिखती हैं. इसी वजह से ये गुफाएं दुनियाभर में फेमस हैं. बड़ी संख्या में लोग इनको देखने के लिए आते हैं. अब इन गुफाओं से जुड़ा एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें आप गुफा के अंदर का जादुई नजारा देख कर हैरान रह जाएंगे.

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर ये वीडियो पोस्ट किया है, जिसके कैप्शन में बताया गया है कि, 'न्यूजीलैंड में वेटोमो ग्लोवॉर्म गुफाएं हजारों छोटे बायोलुमिनसेंट जीवों प्राणियों के साथ अपनी छत की चमक के साथ एक अनोखा अनुभव प्रदान करती हैं. इन गुफाओं के अंदर का नजारा तारों से भरी रात की तरह लगता है.'

### कहां हैं ये गुफाएं?

रिपोर्ट के अनुसार, ग्लोवॉर्म गुफाएं न्यूजीलैंड के वेटोमो गांव में स्थित है. ये टोमो गुफाओं में सबसे प्रसिद्ध हैं, जो 130 से अधिक सालों से पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रही हैं.

### गुफा की छतें चमकने का रहस्य?

रिपोर्ट के अनुसार, ग्लोवॉर्म गुफाएं एक कीड़े की वजह से चमकती हैं, जो छतों पर बड़ी संख्या में पाए जाते हैं. इस कीड़े का नाम एराचनोकैम्पा ल्यूमिनोसा है, जिसे न्यूजीलैंड ग्लोवॉर्म के नाम से भी जाना जाता है. ये कीड़े मच्छरों की तरह दिखते हैं और परिपक्व होने पर मक्खियों में बदल जाते हैं. जुगूनी की तरह प्रकाश उत्सर्जित करने में सक्षम ये कीड़ा न्यूजीलैंड में ही पाया जाता है.

ग्लोवॉर्म गुफाएं प्रकृति की बेहतरीन रचना हैं जो समय के साथ पुरानी हो गई हैं और विशिष्टता प्राप्त कर चुकी हैं। बहुत सारे पर्यटक भूमिगत गुफा में नौकायन और कयाकिंग सत्र का आनंद लेते हैं। चमकते कीड़ों के नीचे तैरते हुए एक तारों भरी रात बिताएं और चमकते कीड़ों द्वारा आकर्षक बनाए गए गुफा के मंद-रोशनी वाले वातावरण को देखकर आश्चर्यचकित हो जाएं।

किंवदंतियों के अनुसार वेटोमो ग्लोवॉर्म गुफाएं लगभग 30 मिलियन वर्ष पुरानी हैं। समय के साथ, समुद्र के तल पर स्थित ये चूना पत्थर की गुफाएँ खराब हो गई हैं और हल्की रोशनी के साथ आकर्षण बढ़ा रही हैं, जिससे सुंदर भूमिगत गुफाएँ जगमगा रही हैं, जिसने दुनिया भर से पर्यटकों को आकर्षित किया है।





# जापान में स्थित है 600 साल पुराना तलाक मंदिर

दुनिया में ऐसे कई मंदिर है जिनकी अपनी अलग ही एक पहचान होती है। हालांकि हर मंदिर की अपनी एक विशेषता होती है लेकिन कुछ मंदिरों में अलग मान्यताओं के चलते उनको एक विशेष दर्जा दिया जाता हैं। आज ऐसे ही एक मंदिर के बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं। सनातन धर्म में मंदिरों का अपना एक विशेष महत्व है। वहीं हम सनातन धर्म की बात करें तो हर मंदिर के अपने-अपने नियम और कानून होते हैं, जिससे वे दुनिया भर में मशहूर होते हैं। दरअसल मंदिरों के जरिए ही अपने अपने कल्चर को सुरक्षित हर धर्म द्वारा रखा जाता हैं। वहीं अपने जीवन में आपने कई ऐसे मंदिरों के बारे में सुना होगा जहां अपनी-अपनी मान्यताएं है। आज ऐसे ही एक मंदिर के बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं।

### 'तलाक मंदिर' की अपनी एक खास पहचान

दरअसल आज हम आपको एक ऐसे मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं। जिसकी अपनी एक खास पहचान हैं। दरअसल इसे 'तलाक मंदिर' के नाम से ही जाना जाता हैं। आपको बता दें कि यह मंदिर जापान में स्थित है और इसे उसके अजीब इतिहास के लिए विख्यात माना जाता है। दरअसल यदि आप इसका नाम सुनकर यह सोच रहे होंगे की शायद इस मंदिर में तलाक करवाए जाते होंगे तो ऐसा नहीं हैं, यहां तलाक नहीं होते और न ही किसी देवी-देवता की पूजा की जाती है।

### क्या है इस मंदिर की विशेषता?

आपको बता दें तलाक मंदिर, जिसे विशेष रूप से 'मात्सुगाओका टोकेई-जी के नाम से भी जाना जाता है, 12वीं और 13वीं शताब्दी की शुरुआत में जापान में बनाया गया था। मान्यताओं के अनुसार इस मंदिर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आध्यात्मिक दृष्टिकोण से सशक्त करना था, क्योंकि उस समय महिलाओं की सामाजिक स्थिति बहुत ही कमजोर थी और उनके अधिकारों में भी बड़ी असमानता थी। जापान के समाज में 12वीं और 13वीं शताब्दी में सिर्फ पुरुषों के लिए तलाक की व्यवस्था थी, जिसके अनुसार पुरुष आसानी से अपनी पत्नी को तलाक दे सकते थे। इस दौरान वे महिलाएं जिन्हें शादी में खुशी नहीं मिली या घरेलू हिंसा की सामना कर रही थीं, उनके लिए एक समर्थन संरचना की आवश्यकता थी। 1285 में, बौद्ध नन काकुसान शिदो-नी ने तलाक मंदिर की स्थापना की, जो उन महिलाओं को आश्रय और सहायता प्रदान करने के लिए था जो संघर्ष कर रही थीं। यहां, वे अपने जीवन को आध्यात्मिकता में समर्पित करके बिताती थीं।





# ये है दुनिया का सबसे छोटे दिल वाला पक्षी एक सिक्के से भी हल्का होता है इनका शरीर!

**आपको जानकर हैरानी होगी कि कनाडा में टोरंटो स्थित रॉयल ओंटेरियो म्यूजियम में एक ब्लू व्हेल का दिल रखा हुआ है, जिसका वजन करीब 190 किलोग्राम है. पर क्या आप जानते हैं कि ऐसा कौन सा पक्षी है, जिसके पास दुनिया का सबसे छोटा दिल है?**

दुनिया में अलग-अलग साइज और वजन के पशु-पक्षी होते हैं. कोई मोटा होता है तो कोई पतला, कोई भारी होता है तो कोई बहुत ही हल्का. व्हेल तो आपने देखा ही होगा. ये दुनिया के सबसे बड़े और वजनदार जीवों में से एक होते हैं. आपको जानकर हैरानी होगी कि एक व्हेल का दिल कार के बराबर लंबा-चौड़ा और काफी वजनदार होता है. कनाडा में टोरंटो स्थित रॉयल ओंटेरियो म्यूजियम में एक ब्लू व्हेल का दिल रखा हुआ है, जिसका वजन करीब 190 किलोग्राम है. पर क्या आप जानते हैं कि ऐसा कौन सा पक्षी है, जिसके पास दुनिया का सबसे छोटा दिल है? तो चलिए जानते हैं कि इस पक्षी के बारे में कुछ रोचक बातें, जो शायद ही आप जानते होंगे.

दुनिया में अलग-अलग साइज और वजन के पशु-पक्षी होते हैं. कोई मोटा होता है तो कोई पतला, कोई भारी होता है तो कोई बहुत ही हल्का. व्हेल तो आपने देखा ही होगा. ये दुनिया के सबसे बड़े और वजनदार जीवों में से एक होते हैं. आपको जानकर हैरानी होगी कि एक व्हेल का दिल कार के बराबर लंबा-चौड़ा और काफी वजनदार होता है. कनाडा में टोरंटो स्थित रॉयल ओंटेरियो म्यूजियम में एक ब्लू व्हेल का दिल रखा हुआ है, जिसका वजन करीब 190 किलोग्राम है. पर क्या आप जानते हैं कि ऐसा कौन सा पक्षी है, जिसके पास दुनिया का सबसे छोटा दिल है? तो चलिए जानते हैं कि इस पक्षी के बारे में कुछ रोचक बातें, जो शायद ही आप जानते होंगे. दुनिया के सबसे छोटे दिल वाले पक्षी का नाम है हमिंगबर्ड, जिसे दुनिया का सबसे छोटा पक्षी भी कहा जाता है. आपको जानकर हैरानी होगी कि एक हमिंगबर्ड आमतौर पर महज 2-2.5 इंच ही लंबी होती है. हालांकि कुछ 8 इंच भी लंबी होती हैं और इनके वजन की अगर बात करें तो एक हमिंगबर्ड महज दो ग्राम से लेकर 20 ग्राम तक की होती है. अब आप समझ सकते हैं कि इनका दिल कितना छोटा होता होगा.

दुनिया के सबसे छोटे दिल वाले पक्षी का नाम है हमिंगबर्ड, जिसे दुनिया का सबसे छोटा पक्षी भी कहा जाता है. आपको जानकर हैरानी होगी कि एक हमिंगबर्ड आमतौर पर महज 2-2.5 इंच ही लंबी होती है. हालांकि कुछ 8 इंच भी लंबी होती हैं और इनके वजन की अगर बात करें तो एक हमिंगबर्ड महज दो ग्राम से लेकर 20 ग्राम तक की होती है. अब आप समझ सकते हैं कि इनका दिल कितना छोटा होता होगा.

कहते हैं कि हमिंगबर्ड खड़े-खड़े ही सो लेती है. दरअसल, इनके पैर बहुत ही कमजोर होते हैं, इसलिए ये चल नहीं पातीं, लेकिन अपने पैरों से ये पेड़ की टहनियों को मजबूती से पकड़ कर खड़े-खड़े सो जरूर जाती हैं. एक हमिंगबर्ड की उम्र करीब 4-5 साल ही होती है. आपको शायद ही ये पता हो कि यह चिड़िया हर 10 मिनट में कुछ न कुछ खाती या पीती है. वहीं, इनकी सबसे बड़ी खासियत ये है कि ये अपने पंखों को इतनी तेजी से फड़फड़ाती हैं कि एक ही जगह पर काफी देर तक रूकी रह सकती हैं, जिस तरह कोई हेलीकॉप्टर अपने पंखों के सहारे एक ही जगह पर रूका रह सकता है. वैसे कहने के लिए तो ये दुनिया के सबसे छोटे पंछी होते हैं, लेकिन लंबी दूरी के सफर के मामले में इनका मुकाबला कोई नहीं कर सकता. हमिंगबर्ड एक उड़ान में करीब 1400 मील यानी 2253 किलोमीटर का सफर तय कर सकती हैं.

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची, (झारखंड) से मुद्रित।

**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# किसानों को समय पर ऋण उपलब्ध कराना करें सुनिश्चित : उपायुक्त

## कृषि सहकारिता उद्यान व भूमि संरक्षण विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं और कार्यों की समीक्षा

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में कृषि सहकारिता उद्यान व भूमि संरक्षण विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं और कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों ने योजनाओं की प्रगति और आगामी कार्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।उपायुक्त ने जिले में कृषि क्षेत्र में हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए पदाधिकारी को निर्देश दिया कि योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुँचाया जाए। उन्होंने विशेष रूप से फसल उत्पादन बढ़ाने किसानों को आधुनिक तकनीकों



से जोड़ने और जल संरक्षण उपायों को अपनाने पर जोर दिया।बैठक में सहकारिता विभाग की ओर से किसानों को दी जा रही ऋण सहायता और सहकारी समितियों की भूमिका पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि किसानों को समय पर ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए और उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाए।इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला सहकारिता पदाधिकारी महादेव मुर्मू, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल गुप्ता, जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण भोक्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारी को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने और समय-समय पर जमीनी स्तर पर योजनाओं की निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए प्रशासन हर संभव प्रयास करेगा।

## विहिप और बजरंग दल का अभ्यास वर्ग शुरू

**खूंटी।** शहर के डाक बंगला रोड स्थित राजस्थान भवन में शनिवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के दो दिवसीय अभ्यास वर्ग का शुभारंभ हुआ। इसमें विभिन्न पंचायतों के कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में सभी प्रखंडों से दुर्गा वाहिनी और मातृशक्ति के सदस्य भी भाग ले रहे हैं। अभ्यास वर्ग के शुभारंभ में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री मिथलेश ठाकुर, विहिप जिलाध्यक्ष विनोद जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष विकास मिश्रा, शिवराज सिंह, प्रवीण जायसवाल, विशाल साहू, सचिन मिश्रा, संजय गुप्ता, संजय साहू, मनीष राम, अभिषेक कुमार सहित रामनवमी महासमिति खूंटी के ज्योतिष भगत, जितेंद्र कश्यप, गिरीश जायसवाल, संजू चौरसिया और अशोक जायसवाल सहित कई पदाधिकारियों का मार्गदर्शन कार्यकताओं को मिला।

## बीज व कीटनाशक दवा का किया गया वितरण



**दुमका:** जिले के जरमुंडी प्रखंड के ग्राम खांटीसारे पंचायत झानकपुर एवम बंदर जोड़ी पंचायत भोलाबाद भौराबाद में शनिवार को प्रखंड प्रमुख बसंती टुडू की उपस्थिति में किसानों के बीच मूंग प्रत्यक्षण हेतु 80 किलो बीज वितरण किया गया. बीज के साथ नैनो यूरिया डोलोमाइट कीटनाशी दवा का भी वितरण किया गया. मौके पर बीटीएम मिथिलेश कुमार, एटीएम रामेश्वर हांसदा, कृषक मित्र भुनेश्वर दस राजेश टुडू किसान मानदेव राय,रामेश्वर, राय कैलाश राय, श्रीकांत राय, बिट्टू किस्कू, मताल किस्कू, देवा बेसरा, भलाई हांसदा व अन्य मौजूद थे.

## मोबाइल चोरी के आरोप में युवक को जेल

**साहिबगंज/मंडरो :** प्रखंड के मिर्जाचौकी थाना पुलिस ने छापामारी कर एक आरोपियों को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव ने बताया कि कांड संख्या 16/25 के आरोपी महादेवरण निवासी गंगाराम नोनिया को मोबाईल चोरी के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि वीवो मोबाइल चोरी किया था मोबाइल भी बरामद कर लिया गया है। मेडिकल जांच करा कर एएसआई संजय सिंह ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया दिया गया है

# एसकेएमयू में लिंग संवेदनशीलता पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार 26-27 मार्च को

मेट्रो रेज

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय (एसकेएमयू), दुमका में 26 और 27 मार्च को एक दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। यह सेमिनार विशेष रूप से लिंग संवेदनशीलता पर आधारित होगा और इसमें देशभर से जेंडर विषय पर प्रमुख वक्ता भाग लेंगे। सेमिनार का मुख्य विषय हम झारखंड की महिलाएं: संस्कृति, विकास और समाज रखा गया है। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में लिंग संवेदनशीलता की समझ को बढ़ावा देना, लिंग भेदभाव को चुनौती देना और महिलाओं के अधिकारों और उनकी स्थिति को लेकर जागरूकता फैलाना है। इस सेमिनार का आयोजन झारखंड सरकार के उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित किया गया है। सेमिनार में देशभर से लगभग 100 शोधार्थी अपने शोध पत्र प्रस्तुत करने के लिए पंजीकृत हैं। ये शोधार्थी अपनी शोध प्रस्तुतियों में लिंग संवेदनशीलता, सामाजिक विकास, संस्कृति और महिलाओं की सामाजिक स्थिति पर महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफेसर बिमल प्रसाद सिंह करेंगे, जबकि सेमिनार के संयोजक स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अजय सिन्हा हैं। आयोजन सचिव के रूप में स्नातकोत्तर इतिहास विभाग की सहायक प्राध्यापक अमिता कुमारी कार्यरत रहेंगी। इसके अलावा, संयुक्त आयोजन सचिव के रूप में वाणिज्य विभाग के डॉ. बिनोद मुर्मू, कोऑर्डिनेटर डॉ. शर्मिला सोरेन और कोषाध्यक्ष डॉ. पूनम हेम्ब्रम सेमिनार के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यह सेमिनार लिंग संवेदनशीलता को लेकर जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य समाज में लैंगिक भेदभाव को समाप्त करना, आत्मसम्मान की भावना को प्रोत्साहित करना और विभिन्न लिंगों के प्रति स्वीकृति और समझ को बढ़ावा देना है। इस आयोजन में देशभर के नामी और प्रतिष्ठित वक्ता शामिल होंगे जो लिंग आधारित मुद्दों पर अपने अनुभव और विचार साझा करेंगे।

### मुख्य वक्ताओं में शामिल है

- डॉ. ईवा हाँसदा, विभागाध्यक्षा, अंग्रेजी विभाग, गोसनर कॉलेज, रांची विश्वविद्यालय
- प्रोफेसर रंजना श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग, रांची विश्वविद्यालय
- डॉ. अनघा तांबे, एसोसिएट प्रोफेसर, स्त्री अध्ययन विभाग, सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय और पूर्व महासचिव, इंडियन एसोसिएशन फॉर विमेन स्टडीज
- डॉ. अच्युत चेतन, प्राध्यापक, अंग्रेजी विभाग, सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय
- डॉ. ममता कुमारी, संयोजिका, स्त्री अध्ययन केंद्र, रांची विश्वविद्यालय
- प्रोफेसर ईशिता मुखोपाध्याय, अर्थशास्त्र विभाग, कलकत्ता विश्वविद्यालय और पूर्व अध्यक्ष, इंडियन एसोसिएशन फॉर विमेन स्टडीज
- डॉ. मीनाक्षी मुंडा, प्राध्यापिका, मानवशास्त्र विभाग, कोलहन विश्वविद्यालय
- डॉ. नीतिशा खालखो, प्राध्यापिका, हिन्दी विभाग, बी एस के कॉलेज, मैथन, विनोबा भावे विश्वविद्यालय
- डॉ. शालिनी साबू, प्राध्यापिका, इंस्टिट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, रांची विश्वविद्यालय
- यह सेमिनार महिला सशक्तिकरण, लिंग समानता और सामाजिक विकास की दिशा में एक अहम कदम साबित होगा। सभी इच्छुक शोधार्थी और समाजसेवी इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर लिंग संवेदनशीलता के प्रति अपनी जिम्मेदारी और जागरूकता को और बढ़ा सकते हैं।

भागवत कथा का दूसरा दिन

## कृष्णा भगवान ने गोवर्धन पर्वत उठाकर अति वृष्टि से बचाया था : अनीता

**साहिबगंज/मंडरो :** प्रखंड क्षेत्र में मिर्जाचौकी हाट दूर्गा सरोवर परिसर पर भागवत कथा के दूसरे दिन देवी अनीता रक्षा ने कथा वाचन में कहा कि कृष्णा भगवान ने द्वापर युग में गोवर्धन पर्वत उठाकर अति वृष्टि से बचाया था। वहीं राजा परिक्षित का जन्म का वर्णन करते हुए कहा कि महाभारत काल में जब पांडवों के पांच पुत्रों का अश्वत्थामा ने वध कर दिया तो अर्जुन गुस्से में आकर प्रण लिया कि अश्वत्थामा को वध करेंगे। तब वासुदेव ने समझाया कि उत्तरा के गर्भ में एक शिशु पल रहा है। जो अजूबा होगा इसी कथा को आगे बढ़ते हुए रक्षा जी ने कहा कि राजा परीक्षित का जन्म उत्तरा के गर्भ से हुआ वहीं पांडवों की मां कुंती ने कृष्ण को छण छण एवं कण - कण मे वास करने वाले कन्हैया के प्रताप से ही सब संभव हुआ है। दुख बलिहारी है जिससे भगवान से आस्था बनी रहती है। दुख भक्त ही भगवान को याद करता है। सुख भक्ति का अनुभूति नहीं है।दुख भक्ति का अनुभूति है। जिससे भगवान से हमें निरंतर आस्था बनी रहती है। दुख ही भक्ति है जिससे अपनी अंतरात्मा से प्रभु को हमेशा याद करते हैं। न लाखों दुखों की एक ही दवाई हमारे कृष्ण कन्हाई है। कुन्ती ने कृष्ण से कहा कि प्रभु मुझे दुख देना जिससे आप हमारे पास रहे।दुख ही भक्ति का कारण है। मौके पर कृपानाथ चौधरी, हृदय नारायण चौधरी, रेशमी देवी, बद्री भगत,हरि चौधरी,प्रमोद गुप्ता, बालेश्वर भगत, सुप्रिया वर्णवाल, रंजीत वर्णवाल, सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## ई विद्या वाहिनी पर उपस्थिति नहीं बनाने वाले शिक्षकों पर करें कार्रवाई : उपायुक्त

मेट्रो रेज

**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में शनिवार को जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में दुमका जिले के शिक्षा विभाग की समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने पाया कि चौदह प्रतिशत शिक्षक ऐसे हैं जो ई विद्या वाहिनी पर उपस्थिति नहीं बना रहे हैं। वही बच्चो की उपस्थिति बनाने की दर ओर खराब है। वहां मात्र पचास प्रतिशत बच्चो की उपस्थिति बन रही है। जिले में अट्ठासी प्रतिशत



बच्चो के पास आधार है। किंतु अभी तक पचास प्रतिशत बच्चो का ही अपार आईडी बन पाया है। इस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को सबसे कम उपस्थिति वाले शिक्षकों को चिह्नित करने उन्हें स्पष्टीकरण करने और दोषी पाए जाने पर निलंबित करने का निदेश दिया। इसी तरह अपार आईडी में सबसे कम उपलब्धि वाले विद्यालय के शिक्षको पर कार्रवाई करने के लिए कहा। बार बार निर्देश देने के बाद भी जो निजी विद्यालय कार्य पूरा नहीं कर रहे हैं उनपर अब सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है। उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को इसकी सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने मध्याह्न भोजन योजना में एसएमएस नहीं करने वाले विद्यालय को चिह्नित करने ओर उसके प्रधान अध्यापक के विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया। इस बैठक में सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार शिक्षा अधीक्षक आशीष कुमार हेंब्रम अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी देवेश कुमार सिंहा सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी श्याम सुंदर मोदक अमर प्रकाश तूती रंजन डॉन एवं सहायक अभियंता क्रिस्टोफर टुडू सहित सभी कनीय अभियंता उपस्थित थे।

# लाखों क्रांतिकारियों के बलिदान, त्याग और साहस की अमर गाथा है स्वतंत्रता संग्राम : सन्नी

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** हिंदू क्रांति सेना के जिला अध्यक्ष सन्नी कुमार के नेतृत्व में आज शाम 5:00 बजे शहीद दिवस मनाया जाएगा। इस संदर्भ में हिंदू क्रांति सेना के जिला अध्यक्ष सन्नी कुमार ने बताया कि हमारे देश में 23 मार्च को शहीद दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि भारत का स्वतंत्रता संग्राम केवल एक राजनीतिक संघर्ष नहीं था। बल्कि ये लाखों क्रांति कारियों के बलिदान त्याग और साहस की अमर गाथा भी है।इन्हीं वीरों में से तीन अमर शहीद थे भगत सिंह , सुखदेव और राजगुरु इन तीनों ने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण त्याग दिए।श्री कुमार ने कहा कि आजादी की लड़ाई में 23 मार्च 1931 को ब्रिटिश हुकूमत ने भगत सिंह,सुखदेव और राजगुरु को फांसी दे




दी,लेकिन इनका बलिदान स्वतंत्रता आंदोलन को और भी तेज कर गया देश के इन्हीं तीन वीर सपूतों के सम्मान में हर साल 23 मार्च को शहीद दिवस मनाया जाता है।साल 1928 में साइमन कमीशन भारत आया था लेकिन उसमें कोई भी भारतीय सदस्य नहीं था. इससे पूरे देश में विरोध प्रदर्शन हुआ।इस प्रदर्शन का नेतृत्व लाला लाजपत राय कर रहे थे हालांकि,ब्रिटिश पुलिस अधिकारी जेम्स ए स्कॉट के आदेश पर प्रदर्शन में लाठीचार्ज कर दिया गया। जिसमें लाला लाजपत राय गंभीर रूप से घायल हो गएचोट लगने के 2 हफ्ते बाद 17 नवंबर 1928 को दिल का दौरा पड़ने के कारण लाला लाजपत राय का निधन हो गया. डॉक्टरों का मानना था कि लाला लाय की मौत का कारण 30 अक्टूबर को उनकी देह पर पड़ी पुलिस की लाठियां थीं।उनकी मौत के बाद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु ने जेम्स ए स्कॉट से बदला लेने का निर्णय किया।

लाल लाजपत राय की मौत के एक महीने बाद 17 दिसंबर की शाम भगत सिंह और उनके साथी पुलिस ऑफिस से जेम्स स्कॉट के निकलने का इंतजार कर रहे थे।लेकिन अनजाने में साथी ने सॉन्डर्स को स्कॉट समझकर इशारा कर दिया.भगत सिंह,सुखदेव और राजगुरु को सॉन्डर्स हत्या कांड में दोषी ठहराया गया और 23 मार्च 1931 को उन्हें लाहौर जेल में फांसी दे दी गई।शहीद दिवस का महत्व भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की शहादत ने पूरे देश में स्वतंत्रता संग्राम की लहर को और भी तेज कर दिया था. तब से 23 मार्च को शहीद दिवस मनाया जाता है। और इस दिन उनके बलिदान को याद किया जाता है। 23 मार्च का दिन हमें याद दिलाता है कि आजादी कितने बलिदानों से मिली है। शहीद दिवस पर अपनों के साथ शेयर करें ये देशभक्ति से भरे आओ झुककर सलाम करें उन शहीदों को जिनकी हिम्मत से यह वतन आबाद हैवे मिट गए तो नाम रोशन हुआ।उनके होने से ही यह देश आजाद है।जो शहीद हुए हैं उनका अरमान जिंदा है।जब तक रहेगा भारत, उनका नाम जिंदा है।वो फांसी पर झूल गए ताकि हम सिर उठाकर जी सकें,उनका बलिदान व्यर्थ न जाने दें।

## न्यूज IN ब्रीफ

विश्व जल दिवस

### अर्थ आइडियाज फाउंडेशन ने किया जल संरक्षण पर ग्राम संवाद




**साहिबगंज/बोरियो:** विश्व जल दिवस के अवसर पर अर्थ आइडियाज फाउंडेशन द्वारा बोरियो प्रखंड के अपरोल पंचायत में जल संरक्षण की महत्ता को लेकर एक ग्राम संवाद का आयोजन किया गया। इस संवाद में पंचायत के लगभग 35 ग्रामीणों ने भाग लिया,साथ ही ग्राम प्रधान फ्रांसिस हांसदा भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में जल संकट और जल संरक्षण से जुड़ी चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। अर्थ आइडियाज फाउंडेशन के गुरुदेव हेम्ब्रम ने जल संरक्षण के पारंपरिक एवं स्वदेशी तरीकों पर चर्चा करते हुए उनकी महत्ता को समझाया। उन्होंने बताया कि कैसे समुदाय के सहयोग से पारंपरिक जल संरचनाओं का पुनर्जीवन किया जा सकता है। फाउंडेशन के ही सोहन सिंह ने जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और क्षेत्र में जल उपलब्धता पर इसके गंभीर प्रभावों के बारे में बताया। तालझाड़ी प्रखंड के कैरासोल गांव में समुदाय आधारित जल संरक्षण प्रयासों की एक ताजा मिसाल साझा की। उन्होंने बताया कि कैसे स्थानीय लोगों की भागीदारी से जल संरक्षण संभव हुआ है। और इसी तरह की पहल को अपरोल पंचायत में भी लागू करने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि इस प्रयास में सरकारी विभागों और अन्य हितधारकों के सहयोग से पंचायत में जल संरक्षण को बढ़ावा दिया जाएगा। कार्यक्रम में संगठन के प्रतिनिधि शाहकार ने वर्षा जल संचयन रेन वॉटर हार्वेस्टिंगकी महत्ता पर जोर दिया और ग्रामीणों को इसके विभिन्न तरीकों के बारे में जागरूक किया।उन्होंने कहा कि जल संरक्षण न केवल भविष्य के लिए आवश्यक है,बल्कि यह ग्रामीण समुदायों के सतत विकास के लिए भी अनिवार्य है।इस अवसर पर ग्राम प्रधान फ्रांसिस हांसदा ने भी अपनी बात रखते हुए जल संरक्षण के लिए सामुदायिक प्रयासों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया।उन्होंने पंचायत स्तर पर जल संरक्षण को प्राथमिकता देने और सरकारी योजनाओं के साथ जुड़कर इसे प्रभावी ढंग से लागू करने की प्रतिबद्धता जताई। अर्थ आइडियाज फाउंडेशन की अपरोल पंचायत में की जा रही कोशिशें झारखंड में सामुदायिक जल संरक्षण मॉडलों को लागू करने के एक बड़े पहल का हिस्सा हैं,जिसमें पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करके जल संकट के स्थायी और दीर्घकालिक समाधान तैयार किए जा रहे हैं। अर्थ आइडियाज फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे इस महत्वपूर्ण प्रयास से ग्रामीणों में जल संरक्षण को लेकर जागरूकता बढ़ी है और वे इस दिशा में सामूहिक रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित हुए हैं।आगामी दिनों में पंचायत में जल संरक्षण से जुड़ी ठोस योजनाएं बनाई जाएंगी और उन्हें धरातल पर उतारा जाएगा।

### विश्व जल दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन




**दुमका:** पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या 2 दुमका अंतर्गत 22 मार्च 2025 विश्व जल दिवस के इस वर्ष का थीम ग्लेशियर संरक्षण को लेकर शनिवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन उप विकास आयुक्त, दुमका एवं कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या- 02, दुमका के संयुक्त अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित कर विश्व जल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रत्येक प्रखंड से चयनित सक्रिय जलसहिया ने भाग लिया। उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा के द्वारा इस वर्ष विश्व जल दिवस पर विश्व जल दिवस थीम ग्लेशियर संरक्षण के साथ-साथ गांव में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना एवं ग्रामीणों में जागरूकता लाने को लेकर विस्तार पूर्वक से संबोधित किया गया। कार्यपालक अभियंता के द्वारा विश्व जल दिवस पर जल शपथ सभी प्रतिभागियों को दिलाया गया एवं अपने संबोधन में गांव में शुद्ध पेयजल एवं स्वच्छता को लेकर सभी जलसहिया को सजग रहने एवं जागरूकता को लेकर विशेष रूप से चर्चा किए। कार्यक्रम में सभी सक्रिय जल सहिया उनके अपने-अपने कार्य क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र एवं प्रत्येक प्रखंड स्तर पर चयनित मास्टर जल सहिया को प्रशस्ति पत्र के साथ-साथ एक बैग देकर उप विकास आयुक्त एवं कार्यपालक अभियंता के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभाग के सभी जिला समन्वयक, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, सहयोगी संस्था सीनी टाटा ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी , प्रखंड समन्वयक एवं जल सहिया उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सफल आयोजन संस्था सीनी टाटा ट्रस्ट एवं पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या 02 के संयुक्त तत्वाधान में सफल बनाया गया।

### पलामू : 1400 पीस नकली फेवी क्विक बरामद, दुकानदार हिरासत में

**पलामू।** नकली उत्पाद बेचे जाने की शिकायत पर विभिन्न कंपनियां लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में नकली फेवी क्विक बेचे जाने की शिकायत पर कंपनी के कर्मी और पुलिस की कार्रवाई में शनिवार को गुड़पट्टी मार्केट से 1400 पीस नकली फेवी क्विक बरामद हुआ।इस सिलसिले में दुकान संचालक को हिरासत में लिया गया है। इस सिलसिले में पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अंकूर ने एफआइआर दर्ज करने के लिए शहर थाना में आवेदन दिया है। जानकारी के अनुसार पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड के द्वारा उसके नकली उत्पाद बनाने और बेचने वालों के विरोध जांच की गयी। गुड़पट्टी मार्केट का सर्वे किया, तो पाया कि एक दुकानदार मैसर्स संदीप किराना स्टोर के द्वारा फेवी क्विक का नकली उत्पाद धड़ल्ले से आम ग्राहकों को बेचा जा रहा है, जिसके बाद टीम के जरिये दोपहर 2.30 बजे संदीप किराना दुकान में तलाशी ली गई तो दुकान से 1400 पीस नकली फेवी क्विक बरामद हुई, जिसका अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 7000 रुपया है। जब जांच टीम के जरिये संबंधित समान का बिल मांगा गया तो दुकानदार ने बिल पेश नहीं किया। दुकानदार का नाम संदीप कुमार है।




### कंगना रनौत बोलीं- अमेरिका अपने पास ही रखें अपना अवॉर्ड

# फैन ने इमरजेंसी के लिए की ऑस्कर की मांग

**कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी हाल ही में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। एक फैन ने इसके लिए ऑस्कर की मांग की तो कंगना ने चौंकाने वाला बयान दिया।**

कंगना रनौत की इमरजेंसी पिछले हफ्ते नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई और वह इंस्टाग्राम पर इसके लिए नई प्रतिक्रियाएं और समीक्षाएं साझा कर रही हैं। फिल्म भले ही सिनेमाघरों में अपना कमाल नहीं दिखा पाई, लेकिन इसे ओटीटी पर काफी प्यार मिल रहा है। सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स ने फिल्म की तारीफ भी की है और एक फैन ने तो इसके ऑस्कर जीतने तक की बात कह दी। हालांकि, इस पर कंगना का जवाब चौंकाने वाला रहा।

### ऑस्कर अवॉर्ड पर क्या बोलीं कंगना

दरअसल, फिल्म की तारीफ करते हुए एक यूजर ने ट्वीट किया, इमरजेंसी नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। इसे भारत से ऑस्कर में जाना चाहिए। कंगना, क्या फिल्म है। इस पर कंगना ने ट्वीट को रीपोस्ट किया और लिखा, लेकिन अमेरिका अपना असली चेहरा स्वीकार नहीं करना चाहेगा, कि कैसे वे विकासशील देशों को धमकाते हैं, दबाते हैं और उन पर दबाव डालते हैं। यह इमरजेंसी में उजागर हो गया है। वे अपना मूर्खतापूर्ण ऑस्कर अवॉर्ड अपने पास रख सकते हैं। हमारे पास राष्ट्रीय पुरस्कार हैं।

इसके साथ ही फिल्म निर्माता संजय गुप्ता ने भी फिल्म की तारीफ की। उन्होंने ट्वीट किया, आज मैंने कंगना रनौत की इमरजेंसी देखी। सच कहूं तो मैंने इसे देखने की योजना नहीं बनाई थी, क्योंकि मैंने पहले ही इसके बारे में अनुमान लगा लिया था।

मुझे खुशी है कि मैं गलत था। कंगना की परफॉर्मेंस और डायरेक्शन दोनों ही शानदार फिल्म है। बेहतरीन और विश्व स्तरीय।

# शाहरुख निभा सकते हैं एंटी-हीरो का किरदार



**अभिनेता शाहरुख खान और 'पुष्पा 2' के निर्देशक सुकुमार एक साथ फिल्म करने पर चर्चा कर रहे हैं। मणिरत्नम और एटली के साथ सहयोग कर चुके शाहरुख अब सुकुमार के साथ भी फिल्म कर सकते हैं।**

बॉलीवुड के किंग खान 'पुष्पा 2' के निर्देशक सुकुमार के साथ एक फिल्म को लेकर बातचीत कर रहे हैं। मणिरत्नम और एटली के साथ सफलतापूर्वक काम कर चुके शाहरुख सुकुमार के साथ सहयोग कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि किस तरह की फिल्म को लेकर शाहरुख और सुकुमार की बातचीत चल रही है।

शाहरुख और सुकुमार को लेकर पहले अफवाह थी कि दोनों एक डार्क, इंटेंस, साइकोलॉजिकल थ्रिलर के लिए साथ आ सकते हैं, लेकिन अब जो चर्चा चल रही है वह बिल्कुल ही अलग है। रिपोर्ट के मुताबिक एक सूत्र ने कहा, किंग खान एक एंटी-हीरो की भूमिका निभाएंगे, लेकिन यह एक ग्रामीण राजनीतिक एक्शन ड्रामा होगा, जिसमें उन्हें एक देहाती और देसी अवतार में दिखाया जाएगा। यह जाति और वर्ग उत्पीड़न जैसे सामाजिक मुद्दों को भी उजागर करेगा।

### फिल्म के लिए फैंस को करना पड़ेगा इंतजार

अगर दोनों किसी फिल्म के लिए एक साथ आते हैं तो फैंस को इसके लिए लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। दोनों ही कई प्रोजेक्ट्स में अभी व्यस्त हैं। सुकुमार के पास राम चरण के साथ 'आरसी 17', 'पुष्पा 3-द रैम्पेज' और एक रोमांटिक ड्रामा है। वहीं, शाहरुख खान 'किंग' और 'पठान 2' है। कहा जा रहा है कि इसके लिए करीब दो साल तक का इंतजार करना पड़ सकता है।

# एक्शन के साथ फिल्म में डांस का भी तड़का लगाएंगे सलमान



सलमान खान की फिल्म सिकंदर इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रही है। जैसे-जैसे रिलीज डेट करीब आ रही है वैसे-वैसे फिल्म से जुड़ी खबरें तेजी से सामने आ रही हैं। हाल ही में इसके दो गाने जोहरा जबीं और बम बम भोले रिलीज हुए थे। दोनों गानों को फैंस ने खूब पसंद किया था। वहीं, अब इसका तीसरा गाना आने को तैयार है। इस गाने का नाम सिकंदर नाचे है।

### सलमान खान ने दिखाई गाने की झलक

सलमान ने हाल ही में सोशल मीडिया पर इसकी झलक दिखाई है। इसमें वह जोरदार बीट्स पर डांस करते दिखाई दे रहे हैं। गाने का अंदाज देखकर लग रहा है कि यह 2025 का बेस्ट पार्टी सॉन्ग बन सकता है।

### इन गायकों की सुनने को मिलेगी आवाज

सिकंदर नाचे को अमित मिश्रा, अकासा और सिद्धांत मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। वहीं, इसका म्यूजिक जैम8 ने तैयार किया है। डांस स्टेप्स मशहूर कोरियोग्राफर अहमद खान ने डिजाइन किए हैं। फिल्म में एक्शन पहले से ही चर्चा में है। अब डांस का तड़का इसे और शानदार बना रहा है।

# धमाल 4, 21 मार्च से हो रही शुरू, इस बार भी खजाने की ही तलाश होगी



अजय देवगन होली के बाद धमाल 4 की शूटिंग शुरू करेंगे। हाल ही में उन्होंने दे दे प्यार दे 2 के बचे हुए हिस्से को पूरा किया है। सूत्रों के अनुसार, 21 मार्च से धमाल 4 का काम शुरू होगा। पहले फिल्म की रिहर्सल होगी, जो लगभग एक सप्ताह तक चलेगी। इसके बाद, सभी कलाकार मालशेज घाट पर इकट्ठा होंगे। अजय देवगन अपने चार्टर्ड प्लेन से वहां पहुंचेंगे। सूत्रों ने बताया, पिछली फिल्मों की तरह इस बार भी सभी किरदार खजाने की तलाश में ही एक अनजान जगह जाएंगे। हालांकि, इस बार निर्माता रुपयों के बजाय सोना-चांदी, हीरे-जवाहरात वाले खजाने की खोज में किरदारों को भेजेंगे। मालशेज घाट पर सभी कलाकार पहाड़ी वादियों में खजाने की खोज वाले सीन्स को फिल्माएंगे।

# हॉकी इंडिया ने महिला राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए 65 सदस्यीय संभावित कोर समूह की घोषणा की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को आगामी सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग कैंप के लिए 65 सदस्यीय संभावित कोर समूह की घोषणा की। यह कैंप 23 मार्च 2025 यानि आज से भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), बेंगलुरु में शुरू होगा। इस समूह का चयन हाल ही में पंचकूला में संपन्न हुई 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है, जहां हॉकी झारखंड ने फाइनल में हॉकी हरियाणा को शूटआउट में हराकर खिताब जीता था।

इस 65 सदस्यीय समूह में 30 खिलाड़ियों को पहले से मौजूद कोर ग्रुप से बरकरार रखा गया है, जबकि अन्य खिलाड़ियों को असम हॉकी, हॉकी चंडीगढ़, हॉकी हिमाचल, साई, हॉकी बंगाल, यूपी हॉकी, हॉकी झारखंड, हॉकी कर्नाटक, मणिपुर हॉकी, हॉकी पंजाब, केरल हॉकी, एमपी हॉकी, सीआरपीएफ, ओडिशा, सीबीडीटी, हॉकी मिजोरम, हॉकी महाराष्ट्र और हॉकी आंध्र प्रदेश से बुलाया गया है।

भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह इस चैंपियनशिप के दौरान खिलाड़ियों का आंकलन करने के लिए मौजूद थे। चयन को लेकर उन्होंने कहा, 'हमें इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में कुछ बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी देखने को मिलीं। जिन खिलाड़ियों को इस कैंप के लिए बुलाया गया है, उनका चयन उनके प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। यह कैंप हमें यह समझने में मदद करेगा कि इन खिलाड़ियों को अगले स्तर के लिए कैसे तैयार किया जा सकता है। इस 65 सदस्यीय समूह को आगामी FIH हॉकी प्रो लीग के लिए 40 खिलाड़ियों तक सीमित कर दिया जाएगा। 31 मार्च से 19 अप्रैल तक 40 खिलाड़ियों का कैंप चलेगा, लेकिन 23 से 30 मार्च के बीच हम सभी 65 खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर नजर रखेंगे और उनके प्रदर्शन के आधार पर 40 खिलाड़ियों की अंतिम सूची तय की जाएगी।'

### कोर ग्रुप में बरकरार खिलाड़ी

सविता, बिछु देवी खरबाम, बंसरी सोलंकी, माधुरी किंडो, महिमा चौधरी, निक्की प्रधान, सुशीला चानू पुखरंबम, उदिता, इशिका चौधरी, ज्योति छत्री, ज्योति, अक्षता आबासो ढेकाले, वैश्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, सलीमा टेटे, मनीषा चौहान, अजमीना कुजुर, सुनेलिता टोप्पो, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी, बलजीत कौर, दीपिका सोरेंग, नवनीत कौर, संगीता कुमारी, वंदना कटारिया, दीपिका, प्रीति दुबे, ऋतुजा दादासो पिसाल, ड्यूटी डुंगडुंग और मुमताज खान।

### नए बुलाए गए खिलाड़ी

समिक्षा सक्सेना, कोमलप्रीत कौर, महिमा, कीर्ति देशमुख, सपना भेंगरा, अंजलि बड़वा, अंजना डुंगडुंग, मीनू रानी, निरू कुल्लू, कृतिका प्रकाश, सुमन देवी थौदम, सुजाता कुजुर, महिमा टेटे, अल्बेला रानी टोप्पो, पूजा यादव, साक्षी शुक्ला, सिमरन सिंह, नंदिनी, कर्मनप्रीत कौर, अन्नू, चंदना जगदीश, सेलस्टिना होरो, निक्की कुल्लू, कविता, ज्योति, लोटला मैरी, काजल सदाशिव अतपडकर, रजनी बाला, ऐश्वर्या चव्हाण, पिंकी एक्का, दीपिमोनिका टोप्पो, उषा, मंजू चोरसिया, अश्विनी कोलेकर और हृतिक सिंह।

# जेएसडब्ल्यू इंडिया ओपन 2025 के साथ होगी भारत में अंतरराष्ट्रीय स्क्वैश की वापसी

**मुंबई।** सात साल के लंबे इंतजार के बाद भारत में अंतरराष्ट्रीय स्क्वैश की वापसी होने जा रही है। 24 से 28 मार्च तक मुंबई के बॉम्बे जिमखाना में जेएसडब्ल्यू इंडिया ओपन 2025 का आयोजन किया जाएगा। यह भारत का पहला पीएसए स्क्वैश कॉपर टूर्नामेंट है, जिसकी कुल पुरस्कार राशि 53,500 अमेरिकी डॉलर होगी। टूर्नामेंट की शुरूआत इनडोर कोर्ट पर होगी, जबकि क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले फुल-ग्लास आउटडोर कोर्ट पर खेले जाएंगे, जिससे दर्शकों को रोमांचक अनुभव मिलेगा। इस प्रतिष्ठित आयोजन में भारत के रमित टंडन, वेलावन सेंथिलकुमार, वीर चोटरानी, अनाहत सिंह और आकांक्षा सालुंखे जैसे शीर्ष स्क्वैश खिलाड़ी भाग लेंगे। इसके अलावा, फ्रांस, स्पेन, मिस्र, कनाडा, इंग्लैंड, अमेरिका, मलेशिया और जापान के खिलाड़ी भी चुनौती पेश करेंगे। यह टूर्नामेंट इसलिए भी खास है क्योंकि 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में स्क्वैश पहली बार शामिल होगा। इस मौके पर आईआईएस की अध्यक्ष मनीषा मल्होत्रा, जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सीओओ दिव्यांशु सिंह, भारत के नंबर-1 स्क्वैश खिलाड़ी रमित टंडन और भारत की नंबर 3 अनाहत सिंह ने इसकी आधिकारिक घोषणा की। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के सीओओ दिव्यांशु सिंह ने कहा, 'हम भारत में स्क्वैश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह टूर्नामेंट भारतीय खिलाड़ियों को वैश्विक मंच पर चमकने का अवसर देगा।'

### आईपीएल 2025 : विराट और सॉल्ट के तूफान में उड़ा कोलकाता

# आरसीबी ने 7 विकेट से जीता पहला मुकाबला

एजेंसी

**कोलकाता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल 2025 के पहले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को सात विकेट से हरा दिया। ईडेन गार्डन्स में खेले गए इस मुकाबले में आरसीबी के बल्लेबाजों ने धमाकेदार अंदाज में जीत दर्ज की।

पहले बल्लेबाजी करते हुए केकेआर ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 174 रन बनाए। कप्तान अजिंक्य रहाणे (56) और सुनील नरेन (44) ने टीम को मजबूत शुरूआत दिलाई, लेकिन मिडिल ऑर्डर लड़खड़ा गया। हालांकि आखिर में अंकुश रघुवंशी ने 30 रन की पारी खेल कर टीम को 174 के स्कोर तक पहुंचाया।

आरसीबी के लिए क्रुणाल पांड्या ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 39 रन देकर 3 विकेट झटके। जबकि जोश हैजलवुड को दो विकेट मिले। वहीं यश दयाल, रसिक सलाम और सुयश शर्मा को एक-एक सफलता मिली।

175 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरूआत बेहद आक्रामक रही। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज फिल सॉल्ट (56) और विराट कोहली (59*) ने पहले विकेट के लिए 95 रन जोड़कर मैच को एकतरफा बना दिया। सॉल्ट के आउट होने के बाद रजत पाटीदार (34) ने तेजतर्रार पारी खेली। कोहली ने 36 गेंदों में नाबाद 59 रन बनाकर टीम को 16.2 ओवर में जीत दिला दी।

आरसीबी की यह जीत ऐतिहासिक रही क्योंकि 2008 में आईपीएल के प्रथम सीजन में कोलकाता ने पहले मुकाबले में उन्हें हराया था। अब 18 साल बाद आरसीबी ने केकेआर से उस हार का बदला ले लिया है। विराट कोहली इस जीत के साथ टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-5 बल्लेबाजों में शामिल हो गए हैं।



### हम पंजाब किंग्स को सर्वश्रेष्ठ टीम बनाएंगे : पोंटिंग

**नई दिल्ली ।** हम जीतने के लिए मैदान में उतरेंगे और कोई भी हमसे यह छीन नहीं सकता, यह कहना है पंजाब किंग्स के नए मुख्य कोच रिकी पोंटिंग का, जो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में टीम को खिताबी जीत की ओर ले जाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। विश्व कप विजेता पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने न्यू चंडीगढ़ स्थित न्यू पीसीए स्टेडियम में आयोजित मेटा क्रिएटर्स इवेंट के दौरान अपनी रणनीति और टीम की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की।

इस खास इवेंट में डिजिटल जगत के चर्चित नाम, जैसे झुमरू (अरुण सिंह), केशव आशीष, आदित्य शुक्ला और सुकृति शामिल हुए, जिन्होंने आगामी सीजन में टीम की मानसिकता और संभावनाओं को बेहतर ढंग से समझने का प्रयास किया।

**पंजाब किंग्स का विजन और नई शुरूआत :** पंजाब किंग्स के चीफ कॉमर्शियल ऑफि सर सौरभ अरोड़ा ने इस इवेंट की सराहना करते हुए कहा, ₹हम क्रिकेट, संस्कृति और हमारी नई टीम को लेकर डिजिटल क्रिएटर्स को एक मंच पर लाकर गर्व महसूस कर रहे हैं। साथ ही मुल्लांपुर स्थित अत्याधुनिक न्यू पीसीए स्टेडियम का परिचय कराना हमारे समुदाय-निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की, वीडियो फुटेज भी जारी की

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार देर रात दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर से कथित तौर पर भारी मात्रा में नकदी बरामद होने की आंतरिक जांच रिपोर्ट अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दी। रिपोर्ट में जस्टिस वर्मा के घर के स्टोररूम में कथित तौर पर मिली नकदी की तस्वीरें और वीडियो शामिल हैं।



25 पन्नों की रिपोर्ट में, जस्टिस वर्मा का घर के स्टोररूम में आग बुझाने के दौरान मिली नकदी पर जवाब भी शामिल है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि स्टोररूम में मेरे या मेरे परिवार के किसी सदस्य ने कभी कोई नकदी नहीं रखी और (मैं) इस आरोप की कड़ी निंदा करता हूं कि कथित नकदी हमारी है। जस्टिस वर्मा ने कहा कि उनके घर से नकदी मिलने के आरोप साफ तौर पर उन्हें फंसाने और बदनाम करने की साजिश लग रहे हैं। उन्होंने कहा, 'यह विचार या सुझाव कि यह नकदी हमारे द्वारा रखी या संग्रहीत की गई थी, पूरी तरह बेतुका है।'

दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय द्वारा पेश की गई जांच रिपोर्ट में आधिकारिक संचार से जुड़ी सामग्री भी शामिल है। इसमें कहा गया है कि भारतीय मुद्रा के चार से पांच अधजले ढेर मिले हैं। न्यायमूर्ति उपाध्याय ने शनिवार रात सार्वजनिक की गई अपनी रिपोर्ट में कहा, 'घटना रिपोर्ट, उपलब्ध सामग्री और न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के जवाब की जांच करने पर मुझे पता चला कि पुलिस आयुक्त ने 16 मार्च, 2025 की अपनी रिपोर्ट में कहा है कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आवास पर तैनात गार्ड के अनुसार, 15 मार्च, 2025 की सुबह जिस कमरे में आग लगी थी, वहां से मलबा और अन्य आंशिक रूप से जली हुई वस्तुएं हटा दी गई थीं।'

उन्होंने आगे कहा, 'मेरे द्वारा की गई जांच में प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत नहीं होता है कि बंगले में रहने वाले लोगों, नौकरों, माली और सीपीडब्ल्यूडी कर्मियों (यदि कोई हो) के अलावा किसी अन्य व्यक्ति ने कमरे में प्रवेश किया था या वहां तक पहुंचा था।' उन्होंने कहा, 'तदनुसार, मेरी प्रथम दृष्टया राय है कि पूरे मामले की गहन जांच की आवश्यकता है।'

सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच समिति में न्यायमूर्ति शील नागू (पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश), न्यायमूर्ति जी एस संधावालिया (हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश) और अनु शिवरामन (कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश) शामिल हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने न्यायमूर्ति वर्मा को अपने फोन पर सभी डेटा और संदेशों को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है और पिछले छह महीनों के सुरक्षा रिकॉर्ड मांगे हैं। जांच के नतीजे आने तक न्यायमूर्ति वर्मा को न्यायिक कर्तव्यों से मुक्त कर दिया गया है। शनिवार को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, 'फिलहाल, दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को कोई न्यायिक कार्य न सौंपने के लिए कहा गया है।'

## मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद

**इंफाल।** मणिपुर के विभिन्न इलाकों में सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए अभियानों में भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और अन्य संदिग्ध सामग्री बरामद की गई है। इस दौरान कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया है। मणिपुर पुलिस के प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि सुगनू थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोल्टिनचान गांव, काकचिंग जिले में एक अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने एक स्थानीय पोंपी, दो सिंगल बैरल गन, एक .303 राइफल, एक संशोधित सीएमजी कार्बाइन, नौ .303 जिंदा कारतूस, चार 7.62 मिमी जिंदा कारतूस, तीन आईईडी (1.5 किग्रा, एक किग्रा और 600 ग्राम), 15 एके-47 खाली कारतूस, 20 नग .303 खाली कारतूस, 20 नग 7.62 मिमी खाली कारतूस, 32 इंसास खाली कारतूस, तीन पोंपी शेल, दो बीपी हेलमेट, दो जंगल बूट, चार बीपी जैकेट, दो टियर गैस स्मोक शेल, 16 टियर स्मोक शेल और अन्य भारी सामान बरामद किया गया। इसके अलावा, इम्फाल ईस्ट जिले के सागोलमंग थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुखाओ संतिपुर में एक और अभियान में एक एसबीबीएल गन, एक पोंपी लांचर, एक स्थानीय निर्मित गन, दो 7.62 मिमी एसएलआर जिंदा कारतूस, आठ 12 बोर कारतूस, एक स्टन शेल, पांच टियर स्मोक शेल, आठ स्थानीय निर्मित शेल, दो बीपी जैकेट कवर, दो बीपी आयरन प्लेट और दो वॉकी-टॉकी सेट जब्त किए गए। इसी तरह सेनापति जिले के हेनबुंग गांव में चार बोल्ट एक्शन सिंगल बैरल गन और 12 बोर के 15 कारतूस बरामद किए गए। वहीं, कांगपोकपी जिले के के. लंघनोम और खेंगजांग से 18 पोंपी गन, एक एचई रॉकेट और एक देसी निर्मित प्रोजेक्टाइल लॉन्चिंग हथियार जब्त किया गया। शनिवार को ही अराम्बाई तेंगगोल यूनिट-17 खुरई, इंफाल ईस्ट जिले में एक कार्यालय पर छापेमारी कर सुरक्षा बलों ने चार शिकार के जूते, चार पहिया वाहन तीन, एक बीपी हेलमेट, दो बीपी जैकेट, 15 ग्राम संदिग्ध हेरोइन, एक छलावरण बैग, पांच राइफल स्लिंग, चार टैक्टिकल बेल्ट, आठ बीपी प्लेट, दो हल्की बीपी प्लेट, दो होलस्टर, एक मोबाइल फोन, एक मैगजीन पाउच, तीन वायरलेस हैंडसेट, चार वायरलेस चार्जर, एक टियर गैस स्मोक शेल, एक इंसास बायोनेट, दो .303 बायोनेट, दो तलवार, दो स्टालियन बॉक्स, दो घुटने के पैड, चार अराम्बाई तेंगगोल यूनिट-17 के बैनर और 103 प्रयुक्त कारतूस बरामद किए।

फिट उत्तराखंड से ही बनेगा समृद्ध उत्तराखंड, धामी राज्यवासियों से बोले

# रोजाना करें आधा घंटे व्यायाम

एजेंसी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कहा कि फिट उत्तराखंड से ही समृद्ध उत्तराखंड बनेगा। उन्होंने राज्यवासियों खासकर युवाओं से रोजाना आधा घंटा व्यायाम करने, पौष्टिक आहार ग्रहण करने व नशे से दूर रहने का आह्वान किया है।

रविवार को एथलेटिक्स ग्राउण्ड, महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉले, रायपुर में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य सरकार ( सेवा, सुशासन और विकास ) के तीन वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग कर फिट इण्डिया रन का फ्लैग ऑफ के मौके पर यह बातें कहीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों के बीच पहुंचे और पुश-अप लगाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें फिट रहने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर, उन्हें फिट इंडिया की शपथ भी दिलवाई। इस मौके पर उन्होंने उत्तराखंड युवा कल्याण विभाग के सहयोग से चलाए जा रहे ड्रोन कोर्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले युवाओं को ड्रोन भी वितरित किए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य सरकार के तीन वर्ष पूरे हुए हैं। यह तीन वर्ष सेवा, सुशासन, विकास और जनहित को समर्पित रहे। उन्होंने युवाओं को देखकर अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए कहा कि वो भी बचपन में अधिकांश समय शारीरिक, खेल गतिविधियां में बीतते थे। आज जिन भी खिलाड़ियों ने देश का नाम बढ़ाया है, उनकी यात्रा असाधारण परिस्थितियों में शुरू हुई। उन्होंने युवाओं से जीवन में अपने सपनों के प्रति पक्की इच्छाशक्ति और विकल्प रहित संकल्प रखने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति उन्नति कर राज्य की प्रगति में योगदान देगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों की स्वस्थ्य जीवनशैली के लिए फिट इंडिया मूवमेंट शुरू किया। यह फिट इंडिया मूवमेंट अब जन आंदोलन बना गया है जो हर घर, गांव और शहर तक पहुंचा है। राज्य सरकार भी इस मिशन में कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। सरकार, राज्य में खेल सुविधा बढ़ाई गई हैं। प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड से ही पूरे देशवासियों को मोटापे, ओबेसिटी व सही खाना पान को लेकर जागरूक किया था। राज्य की ओर से 38 वें राष्ट्रीय खेलों की सफल मेजबानी की गई। जिसकी तारीफ प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में भी की थी। 38 वें राष्ट्रीय खेलों में राज्य के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 103 पदक प्राप्त कर पदक तालिका में सातवां स्थान हासिल किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं विकसित एवं खेल उपकरण भी क्रय किए जा रहे हैं। जो राज्य के खिलाड़ियों को ओलंपिक स्तर तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होंगे। इस अवसर पर विधायक उमेश शर्मा काऊ, विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, निदेशक खेल प्रशांत आर्य, संयुक्त निदेशक अजय अग्रवाल, जिला अधिकारी देहरादून सविन बंसल, एसएसपी अजय सिंह, राजेश ममगाई एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## समुदाय की भावनाएं आहत करने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**जम्मू।** डोडा पुलिस ने एक व्यक्ति को समुदाय की भावनाएं आहत करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान परवेज अहमद, पुत्र गुलाम अली डार निवासी पुन्याल्ला गुंदना, जिला डोडा के रूप में हुई है। पुलिस ने इस मामला दर्ज किया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार डोडा में एक शिकायत दर्ज कराई गई थी जिसमें पुन्याल्ला गुंदना क्षेत्र में कुछ आपत्तिजनक सामग्री की बरामदगी की बात सामने आई। इस सामग्री से एक विशेष समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी डोडा, संदीप मेहता ने वरिष्ठ अधिकारियों की देखरेख में विशेष जांच टीम गठित की। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसे न्यायालय में पेश किया जहां से 5 दिन की पुलिस रिमांड दी गई है। मामले की आगे जांच जारी है।

# दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष ने भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव को पुष्पांजलि अर्पित की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता और उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने रविवार को विधानसभा प्रांगण में शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरु और शहीद सुखदेव को पुष्पांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, विधि एवं न्याय मंत्री कपिल मिश्रा, मुख्य सचेतक अभय वर्मा और कई विधायकों और स्वतंत्रता सेनानियों ने भी भाग लिया और इन महान क्रांतिकारियों को याद किया।



दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि इन वीर सपूतों ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनका सर्वोच्च बलिदान आज भी हमें न्याय, स्वतंत्रता और देशभक्ति के मूल्यों को बनाए रखने की प्रेरणा देता है। देश के लिए फांसी के फंदे को हंसते-हंसते चूम लेना किसी महामानव का कार्य ही हो सकता है। आज का दिन बताता है कि लोकतंत्र का जो भव्य मंदिर इस देश में बना हुआ है, उसकी नींव में शहीदों के बलिदान हैं। हमें सदैव इन आदर्शों को ध्यान में रखना चाहिए। गुप्ता ने भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत को हर संघर्ष से लड़ने की प्रेरणा देने वाला बताया। उन्होंने कहा कि संघर्ष कितना भी बड़ा हो, यदि ठान लिया जाए तो इस देश में लोगों ने पहाड़ भी उखाड़े हैं। जब देश के तीन युवा एक पूरे दमनकारी शासन को हिला सकते हैं तो पूरी युवा पीढ़ी जो इनसे प्रेरित हो, इस देश को किन ऊंचाईयों तक ले जाएगी, हम सोच भी नहीं सकते। हमें बस संघर्षों के सामने डटे रहना है,चाहे वे व्यक्तिगत हों या हमें जो जनता ने जिम्मेदारी सौंपी है उससे संबंधित, जीत हमारी ही होगी।

सभा को संबोधित करते हुए गुप्ता ने शहीद भगत सिंह के योगदान को याद करते हुए कहा कि शहीद भगत सिंह की विरासत ने युवाओं में देशभक्ति और अन्याय के खिलाफ संघर्ष की भावना को प्रज्वलित किया। आज भी वे साहस और प्रेरणा का प्रतीक बने हुए हैं। देश के युवाओं को भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु से सीखना चाहिए। यह आयोजन भारत के क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा दिए गए बलिदान की याद दिलाने वाला एक महत्वपूर्ण अवसर रहा।

## हंदवाड़ा में डीएफपी सदस्य के घर पुलिस की तलाशी, प्रतिबंधित संगठन से संबंध का शक

**जम्मू।** हंदवाड़ा पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन से जुड़े होने के संदेह में डेमोक्रेटिक फ्रीडम पार्टी के एक सदस्य के घर तलाशी अभियान चलाया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने फारूक अहमद डार, पुत्र मोहम्मद शबान डार, निवासी तुरपोरा, हंदवाड़ा के घर पर छापा मारा। यह कार्रवाई थाना हंदवाड़ा में दर्ज केस नंबर 08/2024 के तहत की गई। तलाशी के दौरान संदिग्ध सामग्री बरामद हुई जिसे जांच के हिस्से के रूप में जब्त कर लिया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है और अधिक छापेमारी की संभावना है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए गैर-कानूनी गतिविधियों में शामिल तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# पूर्ववर्ती सरकारों के कारण नहीं बढ़ा सीमावर्ती क्षेत्र में पर्यटन : शेखावत

एजेंसी

**जैसलमेर।** सीमावर्ती क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों के नहीं बढ़ने को लेकर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पूर्ववर्ती सरकारों को जिम्मेदार बताया। शेखावत ने कहा कि पहले की सरकारों की यह सोच हुआ करती थी कि सीमावर्ती क्षेत्र प्रतिबंधित रहें। वहां लोगों का आवागमन न हो, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच यह है कि सीमावर्ती गांव हमारा आखिरी नहीं पहला गांव है। जब से उसको पहला गांव कहकर संबोधित करना शुरू किया है, उसी तरह से विकसित करना शुरू किया, उसका प्रभाव अब दिखाई देने लगा है।



जैसलमेर दौरे के तहत मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में सीमावर्ती क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाओं से जुड़े सवाल पर केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सीमावर्ती क्षेत्र पर पर्यटन बढ़े, इसको लेकर निर्देश दिए हैं। हमने सेना और सीपीएफ के साथ इसको लेकर चर्चा की है। उन्होंने कहा कि अभी भारत सरकार के सहयोग से तनोट में जिस तरह से हम विकास कर रहे हैं। तनोट जाने वाले सभी दर्शनार्थी सीमावर्ती चौकी बबलियान वाला पर जाकर सीमा दर्शन कर सकें, इसकी एक योजना बीएसएफ के साथ मिलकर बनाई है। उन्होंने कहा कि आगे और भी सीमावर्ती क्षेत्रों में बंदिशों को हल्का कर पर्यटन गतिविधियां बढ़ें, उस दिशा में कार्य हो रहे हैं।

शेखावत ने कहा कि मैं यह मानता हूं कि जितनी ज्यादा गतिविधियां, जितना ज्यादा जनसंख्या का घनत्व सीमावर्ती क्षेत्र में रहेगा, उतनी सीमाएं सुरक्षित रहेंगी, क्योंकि इतिहास साक्षी है कि जिस देश के सीमावर्ती क्षेत्र से लोगों ने पलायन किया है, उसकी सीमाएं कमजोर हुई हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगातार दो दशक तक सीमावर्ती क्षेत्र में इन सब विषयों को लेकर काम करने का सौभाग्य मिला है। मैं मानता हूं कि सीमावर्ती क्षेत्र और हमारे पश्चिम राजस्थान का सीमावर्ती क्षेत्र जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर, गंगानगर, इनकी सभी सीमावर्ती तहसीलों में अपार संभावनाएं हैं। यहां सुविधाएं बढ़ें और यहां का नागरिक, जो स्वाभाविक रूप से देशभक्त नागरिक है, वो नागरिक राष्ट्रीय रक्त की इस द्वितीय रक्षा पंक्ति के रूप में जो उनकी जिम्मेदारी है, उसको समझते हुए आचरण और व्यवहार करे। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अभी हाल में राजस्थान की उप मुख्यमंत्री व पर्यटन मंत्री दिया कुमारी के साथ बैठक हुई। बढ़े स्तर पर हम जैसलमेर और पश्चिमी राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा दे सकें, उसको लेकर चर्चा की। राजस्थान सरकार को निर्देश दिए हैं कि वो एक बार प्रस्ताव बनाकर भारत सरकार को दें, ताकि हम आइकॉनिक डेस्टिनेशन डेवलपमेंट की स्कीम में जैसलमेर को सम्मिलित कर पर्यटन संभावनाओं को विकसित करने के लिए काम कर सकें।

जिले में परिसीमन के सवाल पर शेखावत ने कहा कि मुझे लगता है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में यह अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है। बढ़ती हुई आबादी, बदलते हुए स्वरूप, बढ़ते हुए शहरीकरण, इनके चलते हुए इस तरह की प्रक्रिया सामान्य तौर पर होती है, लेकिन गत सरकार के समय जिस तरह से राजनीतिक उद्देश्यों और स्वार्थों की पूर्ति के लिए पंचायतों को पंचायती राज व्यवस्था में और स्थानीय निकाय में नगर पालिका के वार्डों को तोड़ा-मरोड़ा गया था

न्यूज IN ब्रीफ

## बलरामपुर : कई महीने से एनीकट के सभी गेट खराब, लगातार बर्बाद हो रहा पानी



**बलरामपुर।** जिले में हुए दो दिन के बारिश से अब फिर मौसम साफ हो गया है और लोगों को प्रचंड गर्मी सताने लगी है। गर्मी के मौसम में एक मात्र जीवनदायिनी कन्हर नदी रामानुजगंज के लोगों की प्यास बुझाती है। इस नदी से लगभग बीस हजार की आबादी निर्भर है। लेकिन जल संसाधन विभाग की लापवाही से अब यह नदी भी सूखने की कगार पर आ गई है। एनीकट के सभी गेट खराब होने के कारण पानी लगातार लीक कर रहा है। हर वर्ष विभाग गेट की मरम्मत करवाता है कि लेकिन भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने के कारण फिर से पानी लीक होने लगता है। जिससे मई-जून महीने में नदी बिल्कुल सुख जाती है। नगर की बीस हजार आबादी इससे प्रभावित होती है। सरहदी क्षेत्र में बहने वाली कन्हर नदी दो राज्यों को जोड़ती है। कन्हर के किनारे बसे दोनों राज्यों के लोग इसी नदी से अपनी प्यास बुझते है। अगर लीकेज को जल्द ठीक नहीं करवाया गया तो, एक से दो महीने में नदी पूरी तरह से सुख जाएगी। इस विषय में आज रविवार को जल संसाधन विभाग के एसडीओ जीडी गैंडरे ने बताया कि कुछ दिन पहले काली मिट्टी डालकर देशी जुगाड़ से मरम्मत करवाया गया था। लीकेज कम हुआ था। कल फिर इसे देखते है।

## मकान के विवाद को लेकर युवक ने भाई और भतीजे को चाकू मारकर घायल किया

**मुर्शिदाबाद।** मकान बनाने को लेकर हुए पारिवारिक विवाद के बीच अपने भाई और भतीजे की हत्या की कोशिश करने का आरोप लगा है। घटना रविवार सुबह मुर्शिदाबाद जिले के रघुनाथगंज थाना अंतर्गत नवाब जागीर इलाके की है। घायलों के नाम रहमत शेख और अब्दुल बारिक हैं। उनका इलाज जंगीपुर सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में चल रहा है। आरोपित का नाम फारूक शेख है जो नवाब जागीर क्षेत्र का निवासी है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, अपने पुश्तैनी घर की छत पर नया मकान बनाने को लेकर नवाब जागीर क्षेत्र के निवासी फारूक शेख और उसके भाई के परिवार के बाकी सदस्यों के बीच पिछले कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। सूत्रों के अनुसार, शनिवार सुबह जब फारुक ने घर की छत पर नया कमरा बनाना शुरू किया तो उसके भाई और भतीजों ने उसे रोक दिया। इस घटना को लेकर दोनों परिवारों के बीच कहासुनी हुई। फारुक की भाभी फुलेरा बीबी ने आरोप लगाते हुए कहा कि फारुक ने अचानक हमारे साझा घर में नया घर बनाना शुरू कर दिया। इस पर मेरे बेटे और पति ने घर बनाने से मना किया, लेकिन फारूक ने उनकी बात नहीं मानी। इस घटना को लेकर काफी हंगामा हुआ। उस घटना के बाद आज सुबह फारूक ने अचानक मेरे बेटे और पति पर हथौड़े और चाकू से हमला कर दिया। पड़ोसियों ने बीच-बचाव कर उन्हें जंगीपुर अस्पताल ले गए। इस बारे में रघुनाथगंज पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी मिली है। लेकिन, परिवार की ओर से अभी तक कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## तीस हजारी कोर्ट बार एसोसिएशन का चुनाव परिणाम घोषित, अध्यक्ष पद पर डीके शर्मा की जीत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर डीके शर्मा, सचिव पद पर विकास गोयल और कोषाध्यक्ष पद पर रेणु मलिक ने जीत हासिल की। देर रात चुनाव के नतीजे सामने आए। तीस हजारी कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर यजुवेंद्र चौधरी ने जीत दर्ज की है। इसी तरह अपर सचिव पद पर साहिल पुरी, संयुक्त सचिव पद पर अजय दहिया, सीनियर मेंबर लेडी एग्जीक्यूटिव के पद पर कुसुम लता, सीनियर मेंबर एग्जीक्यूटिव मेल पद पर योगेंद्र कुमार, मेंबर एग्जीक्यूटिव फीमेल (10 से 20 साल) के पद पर वाणी सिंघल, मेंबर एग्जीक्यूटिव मेल (10 से 20 साल) के पद पर अमित राघव, मेंबर एग्जीक्यूटिव फीमेल (10 साल तक) के पद पर अनिता सिकदर, मेंबर एग्जीक्यूटिवमेल (10 साल तक) के दो पदों पर हिमांशु खारी और दीपक शर्मा ने जीत हासिल की है। उल्लेखनीय है कि तीस हजारी कोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव समेत दिल्ली के चार बार एसोसिएशन के चुनाव परिणाम आ चुके हैं। अभी हाई कोर्ट बार एसोसिएशन और राऊज एवेन्यू कोर्ट के सेंट्रल दिल्ली कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव परिणाम लंबित हैं। पटियाला हाउस कोर्ट में बार एसोसिएशन के चुनाव परिणाम के मुताबिक अध्यक्ष पद पर नागेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष पद पर नवनीत पंवार, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट पर विमल वर्मा, सेक्रेटरी पद पर तरुण राणा, एडिशनल सेक्रेटरी पद पर नवीन कपिला, ज्वायंट सेक्रेटरी पद पर अंकुर त्यागी और कोषाध्यक्ष पद पर आस्था गुप्ता ने जीत दर्ज की है। द्वारका कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में अवनीश राणा ने अध्यक्ष, विवेक डागर ने उपाध्यक्ष, करमवीर त्यागी ने सेक्रेटरी, हेमंत वर्मा ने एडिशनल सेक्रेटरी के पद पर जीत दर्ज की है। वहीं, रोहिणी कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में राजीव तेहलान ने अध्यक्ष, मूलचंद वर्मा ने उपाध्यक्ष, प्रदीप खत्री ने सेक्रेटरी, विवेक शौकीन ने एडिशनल सेक्रेटरी, प्रवीण डबास ने ज्वायंट सेक्रेटरी, आशा ज्योति आर्या ने कोषाध्यक्ष के पद पर चुनाव जीत दर्ज की है। दिल्ली की अदालतों में बार एसोसिएशन चुनाव में इस बार भारी अव्यवस्था देखने को मिली। चुनाव के दौरान दिशा-निर्देशों की धज्जियां उड़ाई गई। दिल्ली के दो कोर्ट में 21 मार्च को हुए चुनाव निरस्त भी कर दिए गए। साकेत कोर्ट और कड़कड़डूमा कोर्ट में चुनाव निरस्त कर दिए गए। साकेत कोर्ट में चुनाव के दौरान वकीलों ने निवार्ची अधिकारी पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए बैलट बॉक्स तोड़ दिया जिसके बाद चुनाव निरस्त कर दिया गया। यही हाल कड़कड़डूमा कोर्ट का भी रहा। वहां भी निवार्ची अधिकारी पर पक्षपात का आरोप लगने के बाद कुछ वकील ईवीएम लेकर भागे। उसके बाद चुनाव निरस्त कर दिया गया।

## पुलिस ने पांच घंटे में पकड़े 105 अभियुक्त

**फिरोजाबाद।** जिले में पुलिस ने शनिवार देर रात्रि पांच घंटे अभियान चलाकर 105 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। ये सभी अभियुक्त विभिन्न मुकदमों में वांछित चल रहे थे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ ने बताया कि वारंटी, एनबीडब्ल्यू व एसआर केसों में वांछित अभियुक्तों के विरूद्ध बीती रात्रि 12 बजे से सुबह पांच बजे तक अभियान चलाया गया। इसमें कुल 103 एनबीडब्लू वारंटी, एक एसआर केस आरोपित व एक अन्य वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय में पेश कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### जंगली हाथियों ने मचाया उत्पात

**लातेहार :** बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के हेरहंज थाना क्षेत्र के नवादा बोंगादाग एवं हुंडरा गांव में जंगली हाथियों ने शनिवार को जमकर उत्पात मचाया है। यहां पर जंगली हाथियों ने बोंगादाग गांव निवासी रामपाल उरांव एवं करमचंद उराव के खेत में लगे कद्दू टमाटर चना एवं अन्य फसलों को रौंद कर बर्बाद कर दिया। जबकि इसी दौरान जंगली हाथियों ने हुंडरा गांव में कौलेश्वर राम के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान टूटी दीवार के मलबे की चपेट मे आने से उनकी दो बच्ची आंशिक रूप से घायल हो गई। उनका इलाज स्थानीय चिकित्सक के द्वारा किया गया। जंगली हाथियों द्वारा किए गए उत्पात से कालेश्वर राम को लगभग 50 हजार रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है। बोंगादाग गांव निवासी रामपाल उरांव एवं करमचंद उरांव को भी 20 हजार रुपए से अधिक की आर्थिक क्षति हुई है। जंगली हाथियों के उत्पात को देखते हुए प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल देखा जा रहा है। प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से मुआवजे एवं जंगली हाथियों को बेतला वन क्षेत्र में ले जाने की मांग की है।

### जिले की शिक्षिकाओं को किया गया सम्मानित

**चितरपुर:** चितरपुर स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में महिला दिवस के उपलक्ष्य पर जिला स्तरीय महिला सम्मान सह रोल प्ले कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम कुमार व विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार, जिला अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि महिला शिक्षिकाएं घर-परिवार संभालते हुए शिक्षा के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान दे रही हैं और उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं। यह शिक्षिकाएं समाज के लिए रोल मॉडल हैं। इस दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर रामगढ़ जिला के चितरपुर, मांडू, गोला, दुलमी, पतरातू एवं रामगढ़ प्रखंड के दस-दस शिक्षिकाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर इंशा अल्लाह, जितेंद्र कुमार, सीमा कुमार, मो तौसिफुल हसन मौजूद थे। जिले की शिक्षिकाओं को किया गया सम्मानित : चितरपुर प्रखंड की मंजूषा व लेमी खलखो, अनिता कुमारी सोनी, ममता कुमारी, कुमारी रेखा, फरहा नाज, ललिता कुमारी, निहारिका कुशवाहा, अनुराधा कुमारी केसरी, मोहसिना आरा, सिम्मी तरन्नुम, मांडू प्रखंड की मीना कुमारी, दमयंती कुमारी, शकुंतला कुमारी, आशा राणा, वीणा पटेल, चंद्रवती देवी, अनुराधा गुप्ता, कुमारी बबीता रानी, उर्मिला कुमारी, दुलमी प्रखंड की ममता कुमारी, होलिका कुमारी, ललिता कुमारी, अनिता कुमारी, सोनी कुमारी, कुमारी प्रतिमा, सुनीता कुमारी, किरण कुमारी, गोला प्रखंड की कुमारी चिंता बाला, प्रणिता देवी, सुरमनी देवी, संगीता देवी, सरिता कुमारी, कुमारी ममता भारती, संध्या देवी, दीप्ति रानी, सोनी देवी, प्रीति सिन्हा, पतरातू प्रखंड की लक्ष्मी देवी, अविनाशी देवी, सुनीता देवी, सुमित्रा देवी, सरस्वती कुमारी, पूनम टोप्पो, चंदा सिन्हा, रामगढ़ प्रखंड की सुमित्रा कुमारी, पूनम अग्रवाल, सावित्री देवी, उर्मिला कुमारी, सुनीता कुमारी, मीना, तारामनी होरो, सुमित्रा देवी, स्वपना देवी को सम्मानित किया गया।

### वेस्ट बोकारो में यूनियन चुनाव को लेकर आमसभा

**घाटोटांड़:** टाटा स्टील वेस्ट बोकारो डिवीजन में होने वाले राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के सांगठनिक चुनाव को लेकर चुनाव पर्यवेक्षकों की टीम ने शनिवार को वेस्ट बोकारो का दौरा किया। मौके पर यूनियन ऑफिस के सभागार में यूनियन के निवर्तमान पदाधिकारियों, पूर्व पदाधिकारियों व आम सदस्यों के बीच आम सभा हुई। सभा की अध्यक्षता चुनाव पर्यवेक्षक सीसीएल रीजनल कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष अंजनी कुमार त्रिपाठी ने की। उन्होंने कहा कि संगठन के संविधान के मुताबिक यहां यूनियन का चुनाव होना है। इसके लिए यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह ने तीन चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। चुनावी प्रक्रिया के तहत हमलोग यहां आये हैं। आम सभा में प्राप्त सुझाव के मुताबिक निष्पक्ष चुनाव होगा। यूनियन के वर्तमान सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि 12 मार्च को वर्तमान यूनियन का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। अब चुनाव होना है। वेस्ट बोकारो में महिला कर्मचारियों की संख्या करीब 25 प्रतिशत हो गयी है। ऐसे में संगठन में भी उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाये। वर्तमान अध्यक्ष महेश प्रसाद ने कहा कि अभी रमजान का महीना चल रहा है। इसके बाद चैत्र नवरात्रि व रामनवमी का त्योहार है। इसको ध्यान में रखते हुए चुनाव की तिथि तय होनी चाहिए। पूर्व अध्यक्ष मोहन महतो ने कहा कि चुनाव एक ही चुनाव चिह्न पर हो। डॉ योगेंद्र सिंह ने कहा कि यूनियन का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। ऐसे में जल्द चुनाव होना चाहिए। श्रीराम गोप, प्रदीप कुमार मिश्रा, संजय कुमार सिंह, विनोद प्रसाद, किशुन प्रसाद, अशोक प्रसाद, विनोद कुमार, पप्पू सिंह, शंभु कुमार सौरभ, बबन झा, डीएन मांझी, अनिल महतो, ललन कुमार सिंह ने भी अपने विचार रखे। चुनाव पर्यवेक्षक ने निष्पक्ष चुनाव कराने का भरोसा दिलाते हुए लोगों के विचारों को केंद्रीय नेता से अवगत करा कर चुनाव की तिथि की घोषणा करने को कहा। चुनाव पर्यवेक्षकों की टीम में अंजनी कुमार त्रिपाठी, हरेंद्र कुमार सिंह, शिवनंदन चौहान, आशीष चक्रवर्ती शामिल थे।

### सड़क दुर्घटना में तीन की मौत



**चाईबासा :** एक भीषण सड़क हादसे में 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मामला जिले के मझगाव-जैंतगढ़ मुख्य सड़क के गाड़ासाई और डोंगाबुरु का है। बताया जा रहा है कि बोलेरो में सवार होकर लोग ओड़िशा में शादी समारोह से वापस लौट रहे थे। इस दौरान बोलेरो पलट गई, जिसमें 3 लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों में चतरीसाई रमेश पिगुंवा (62),गांगी पिगुंवा (72) और सरगरिया के चरण हेम्ब्रम (45) शामिल हैं।

### जमशेदपुर में बनेगा इंटर-स्टेट बस टर्मिनल, मानगो में स्थल का निरीक्षण

सुमित सिंह



**जमशेदपुर:** जिले के मानगो इलाके में इंटर-स्टेट बस टर्मिनल के निर्माण की तैयारी शुरू हो गई है। एसडीओ शताब्दी मजूमदार ने निरीक्षण के दौरान पुष्टि की कि इस परियोजना के लिए शहरी विकास एवं आवास विभाग को 9.88 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि यह स्थान रणनीतिक रूप से उपयुक्त है और इससे यातायात बाधित नहीं होगा। निर्माण कार्य से पहले, मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत मजदूरों को सफाई और झाड़ियों की कटाई के लिए निर्देश दिए गए हैं। एसडीओ शताब्दी मजूमदार ने कहा, यह स्थान इंटर-स्टेट बस स्टैंड के लिए आदर्श है, जिससे यातायात सुचारू रहेगा और किसी बड़ी बाधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। निरीक्षण के दौरान सिटी मैनेजर और अन्य नगर निगम अधिकारी भी मौजूद थे। इस परियोजना से क्षेत्र में परिवहन सुविधाओं में सुधार और कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

# मधुमेह विशेषज्ञ डॉक्टर सौम्य सेनगुप्ता पुनः किए गए सम्मानित

## झारखंड के साथ-साथ पश्चिम सिंहभूम जिला का भी सम्मान बढ़ा

विनय मिश्रा

**चाईबासा :** झारखंड के शुभ विख्यात मधुमेह विशेषज्ञ एवं चिकित्सक सौम्य सेनगुप्ता के बेहतर प्रयास एवं उत्कृष्ट कार्य से उन्हें पुनः सम्मान मिला है जो निश्चित तौर पर चिकित्सा जगत के साथ-साथ पश्चिम सिंहभूम जिला और राज्य के लिए गौरव की बात है। श्री सेनगुप्ता अपने बेहतर प्रयास और अपनी चिकित्साशैली से चिकित्सा जगत के लिए हमेशा उपयोगी साबित रहे हैं इसी क्रम में उनके कार्यों एवं बेहतर चिकित्सा पद्धति के फल स्वरुप झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित आर एस एस डी आई झारखंड चैप्टर के वार्षिक सम्मेलन में डायबिटीज के उपचार और रोकथाम में गट माइक्रोबायोटा की भूमिका पर व्याख्यान देने का अवसर प्राप्त हुआ। गट माइक्रोबायोटा एक उभरता हुआ क्षेत्र है, जो मधुमेह प्रबंधन के नए आयाम खोल रहा है। हाल के शोध दर्शाते हैं कि आंत में मौजूद सूक्ष्मजीव न केवल ब्लड शुगर नियंत्रण में सहायक होते हैं, बल्कि मधुमेह के शुरूआती चरणों में इसे रोकने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आधुनिक वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर, इस विषय पर गहराई से चर्चा की गई और इसे सभी गणमान्य चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों ने सराहा। इस उपलब्धि पर डॉ सौम्यसेन गुप्ता काफी हर्षित हैं और उन्होंने कहा कि -

देशभर से आए प्रतिष्ठित विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों के साथ इस ज्ञानवर्धक विमर्श का हिस्सा बनना वास्तव में गौरवपूर्ण अनुभव रहा। इस महान वैज्ञानिक आयोजन का हिस्सा बनकर गर्व महसूस कर रहा हूं।




## निःशुल्क सिलाई मशीन वितरण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम

**सोनारी:** भारत सरकार खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग द्वारा प्रायोजित निःशुल्क सिलाई मशीन वितरण सह प्रशिक्षण का कार्यक्रम सोनारी के शिवम शिल्प कला संस्था में संपन्न हुआ। खादी ग्रामोद्योग आयोग के सक्रिय सदस्य मनोज कुमार के विशेष परामर्श एवं सहयोग से संस्था के कार्यालय में निःशुल्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था की अध्यक्ष मधु सिंह ने बताया कि 15 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम एक पायलट प्रोजेक्ट के तहत सफलतापूर्वक पूरा किया गया। 4 मार्च से 18 मार्च तक कार्यक्रम चला। इसका मकसद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनना है। संस्था की अध्यक्ष मघु सिंह ने इसके लिए खादी ग्रामोद्योग आयोग भारत सरकार और मनोज कुमार आभार प्रकट किया और आगे भी इस तरह के आयोजनों के लिए अपेक्षित सहयोग की प्रार्थना की। प्रशिक्षण को सफल बनाने में संस्था की सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## जेल के पीछे पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**बहन के घर था युवक, जांच में जुटी पुलिस**

**परसुडीह:** थाना क्षेत्र के घाघीडीह सेंट्रल जेल के पीछे कीनूडीह के जंगल में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान अनिल मुर्मू (बोकारो निवासी) के रूप में हुई है। वह जनवरी में बहन के घर जमशेदपुर आया था और यहीं रहकर काम कर रहा था। अनिल की बहन ने बताया कि शुक्रवार को वह ड्यूटी पर गयी थी। शाम को लौटने पर उसने अपने घर में अनिल के बारे में पूछा तो बहू ने बताया कि वह बाहर गया है। रातभर घर न लौटने पर सुबह उसकी खोजबीन शुरू हुई, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। थोड़ी देर बाद फोन पर सूचना मिली कि अनिल ने फांसी लगा ली है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस इसे आत्महत्या का मामला मान रही है, हालांकि कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक की बहन ने भी किसी विवाद या परेशानी की जानकारी नहीं दी। फिलहाल, पुलिस ने अब तक कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं की है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। घटना के पीछे कोई अन्य कारण है या नहीं, इसकी जांच जारी है।

# गुणवत्ता शिक्षा पर ध्यान देने की जरूरत : अखिलेश

## प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में बजट समीक्षा और विद्यालय विकास हेतु विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक

**सेन्हा:** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में बजट समीक्षा और विद्यालय विकास हेतु गुमला विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार और संकुल प्रमुख विपिन कुमार दास की संयुक्त अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई।आयोजित बैठक में आगामी सत्र 2025-26 में विद्यालय संचालन के लिए समिति के पदाधिकारियों ने बजट पर विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से बजट पास किया। वहीं विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने सलाह देते हुए कहा प्रभावकारी बजट से विद्यालय विकास करने में पूर्ण सहयोग होता है।साथ ही साथ संकुल प्रमुख बिपिन कुमार दास ने कहा बुनियादी आवश्यकता को अविलंब पूर्ण किया जाये, जिसे विद्यालय को सरकार से मान्यता लेने में कोई कठिनाई उत्पन्न न हो। वहीं भैया बहनों की शिक्षा और विद्यालय विकास के लिए प्रत्येक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ विद्यालय विकास एवं विस्तार पर सुझाव रखा गया। विद्यालय हित में कई अहम बिंदुओं को विद्यालय प्रबंधन समिति से पास कराया गया तथा विद्यालय में भैया बहनों और आचार्य आचायाओं का सुविधा एवं विकास तथा नामांकन वृद्धि पर विशेष जोर दिया गया।वही शांति मंत्र के साथ बैठक संपन्न हुआ।मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुदेश्वर साहू,उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो,सह सचिव विजय सोनी, समिति सदस्य कमलनाथ महतो,अवधेश साहू,प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त कर लाखों का क्वायल निकाला, 200 लीटर तेल बहाया

## बीसीसीएल के भुरुंगिया सब स्टेशन की घटना, लाखों का नुकसान , जलापूर्ति बाधित

संवाददाता

**धनबाद:** बीसीसीएल के भुरुंगिया सब स्टेशन में अपराधियों ने पानी सप्लाई में लगे 550 केवीए के ट्रांसफॉर्मर को क्षतिग्रस्त कर लाखों का क्वायल निकाल लिया। क्वायल की कीमत पांच से लाख रुपये बतायी जाती है। अपराधियों ने ट्रांसफॉर्मर को गिरा कर करीब 200 लीटर ट्रांसफॉर्मर ऑयल जमीन पर बहा दिया। घटना के बाद भुरुंगिया 15 क्वार्टर, 64 क्वार्टर, स्टाफ कॉलोनी, टीचर्स कॉलोनी, भुरुंगिया बस्ती सहित बीसीसीएल क्वार्टरों में जलापूर्ति बाधित है। रोजाना की तरह शनिवार सुबह 7:30 बजे लाइन काटने हेल्पर अरुण महतो सब स्टेशन पहुंचे तो स्थित देख दंग रह गये। उसने इलेक्ट्रीशियन फनील महतो व फोरमैन कोकिल गोराईं को फोन पर घटना की सूचना दी।



इसके बाद फोरमैन पहुंचे। अपने पदाधिकारी डी बैठा व मैनेजर विभूति कुमार मिश्रा को सूचना दी। फोरमैन कोकिल ने बताया कि घटना स्थल पर रात में तीन लोगों को तीन जगह ड्यूटी दी जाती है, लेकिन अपराधियों के भय से वहां कोई नहीं जाते हैं। कर्मियों ने बताया कि पहले सामानों की देखरेख के लिए दो गार्ड तैनात थे। बाद में एक गार्ड घटा दिया गया। रात में यह क्षेत्र सुनसान हो जाता है। कर्मियों ने बताया कि अपराधियों को ट्रांसफॉर्मर तोड़ने व क्वायल निकालने में चार-पांच घंटे लगे होंगे। इधर, मैनेजर विभूति कुमार शर्मा ने महुदा थाना में आवेदन देकर एफआइआर कराने की बात कही है। इधर, लोहापट्टी पाथरगड़िया इन्क्लाईन के सरफेस हॉलेज को चोर काटकर ले गये।

# बीयर की बोतल के टुकड़े से रेता था गला, दो गिरफ्तार

## पैसों के लेनदेन को लेकर आपस में हुआ था विवाद

**उलीडीह:** थानांतर्गत कुंवर सिंह रोड स्थित राजकीय मध्य विद्यालय के तीसरे तल पर सौरभ शर्मा उर्फ पवन (24) की गला रेत कर हत्या मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में विक्की सिंह उर्फ अप्पा राव और सूरज बांडरा उर्फ मुतु शामिल हैं। उसकी निशानदेही पर खून लगा कपड़ा, बीयर की टूटी बोतल और अन्य सामान बरामद किया है। सिटी एसपी कुमार शिवाशिष ने शनिवार को एसएसपी कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि हत्या की वजह रुपये का लेन-देन थी। आरोपियों ने पवन के साथ किसी अन्य घटना को अंजाम दिया था, जिससे मिले पैसे का बंटवारा नहीं हो पाया था। इसी पर विवाद हो गया था। गुरुवार रात विक्की, सूरज और एक अन्य फरार आरोपी ने पवन को शराब पिलाकर हत्या की साजिश रची। स्कूल की इमारत में शराब और बीयर पार्टी की। पवन नशे में आया तो आरोपियों ने पास के पेड़ के पत्ते से उसका मुंह दबाया और बीयर की बोतल फोड़कर गला रेत दिया। वहां साफ-सफाई करने के बाद फरार हो गये।

# कलात्मक- सृजनात्मक वस्तुओं का प्रदर्शन

रौशन राय

**रांची:** बिहार दिवस के अवसर पर स्थानीय वीर कुंवर सिंह स्टेडियम के प्रांगण में भव्य आयोजन किया गया । तकरीबन 100 छोटी- बड़ी कला गैलरियां बनाईं गई । ढेरों तरह के कलात्मक सृजनात्मक वस्तुओं को प्रदर्शित कर एक मिशाल कायम किया गया। शिक्षा विभाग द्वारा कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । स्थानीय प्रोजेक्ट बालिका+2 विद्यालय चरपोखरी के कला शिक्षक रौशन राय व छात्राओं के द्वारा सृजित कोलाज आकर्षण का केंद्र रहा। कागज के कतरनों द्वारा निर्मित चित्र का अवलोकन करते हुए जिलाधिकारी तन्नय सुल्तानिया ने कहा अभिव्यक्ति का बेहतरीन माध्यम कोलाज। कोलाज में तरह तरह के रंगीन कागज का सार्थक व कलात्मक प्रयोग हुआ है जो साफ दृष्टिगत हो रहा है। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अहसन जी ने संबोधित करते हुए कहा कि कला शिक्षा का अंग है और इस दिशा में भोजपुर में बेहतर काम हो रहा है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी चंदन प्रभाकर ने अपने संबोधन में कहा कि यह कला प्रदर्शनी अपने आप में काफी कलात्मक और नए तरह का है। कला शिक्षकों और छात्र छात्राओं द्वारा सृजित कोलाज मूर्ति शिल्प कैनवास में कलात्मकता सृजनशीलता स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है। वरिष्ठ अंग्रेजी शिक्षक व सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक विजय कुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा चित्रों की अपनी भाषा होती है, जो जीवन के मूल्यों को समाज के सामने लाती है ।

# एसडीओ व एसडीपीओ को सौंपा ज्ञापन

## धारा 144 व 145 का उल्लंघन कर 50 डी. रैयती जमीन हड़पने का प्रयास

संवाददाता

**रांची:** कोडरमा जिले के डोमचांच निवासी पिंकू कुमार पिता भोला प्रसाद मोदी साकिन मसनोडीह थाना डोमचांच जिला कोडरमा निवासी ने एसडीओ ओर एसडीपीओ को आवेदन देकर बताया कि मेरी माता कौशल्या देवी पति भोला प्रसाद मोदी के नाम से मौजा मसनोडीह खाता न। 73 प्लॉट न.24 रकवा 50 डी. जमीन निबंधित डीड संख्या 967 दिनांक 16 मार्च 1998 ई. को खतियान मालिक कृष्ण बल्लव प्रसाद सिंह वगैरह से खरीदा गया था। जिसका दाखिल खारिज संख्या 1426 (एक्स)/1998- 99 है, जिसका ऑफलाइन रसीद 1998- 99 से 2014- 15 ई. तक तथा ऑनलाइन रसीद 2016-17 से 2024-25 तक लगान रसीद निर्गत हैं। उक्त जमीन पर खरीदगी के समय से वर्तमान तक शांतिपुर्ण दखल काबिज है, एंव जमीन का मूल कागजात भी मेरी माँ कौशल्या देवी के नाम से है। मैं अपनी जमीन पर निर्माण कराने के लिए दिनांक 03.12.2024 को 6,000 छह हजार ईंटा एंव 2 टैक्टर बालू गिराये थे, अगले दिन दिनांक 04.12.2024 को निर्माण शुरू करने पर भू-माफिया बबन मेहता व संजय मेहता वगैरह द्वारा 5,00,000 पांच लाख रुपये रंगदारी की मांग की गई जिसे ना देने पर ईटा और बालु चोरी कर लिया गया एंव षडयंत्र करके जाली कागजात बनाके अवैध तरीके से कब्जा करने का प्रयास करने लगा। जमीन ऑनलाइन सीमांकन के लिए दिनांक 08.01.2025 ई. को सरकारी अमीन द्वारा नोटिस तामिला कराके जमीन का सीमांकन कराने के लिए आये थे, जिसका विरोध करते हुवे भू- माफिया द्वारा सरकारी अमीन को भगा दिया



गया। जमीन हासिल नही होता देख इनलोगो के द्वारा दिनांक 12.01.2025 को आपसी बैठक कर मेरी जमीन पर मंदिर निर्माण करने लगे। 16.01.2025 को शिलान्यास की घोषणा कर अवैध कब्जा करने का निर्णया लिया गया। पूर्व में दिए आवेदन पर अनुमण्डल पदाधिकारी कोडरमा के द्वारा डोमचांच थाना से एंव डोमचांच अंचल से रिर्पोट लेकर 15.01.2025 को धारा 144 लगा दिया गया जिसके पश्चात उक्त धारा का उलंघन करते हुवे मंदिर निर्माण कार्य दिनांक 16.01.2025 को शुरू कर दिया गया। यह कि उक्त धारा का उलग्घन करने मे बबन मेहता पिता स्व. सीता मेहता, संजय मेहता पिता कार्तिक मेहता देवनारायण मेहता पिता जगदिश मेहता ,पवन मेहता पिता सरजु मेहता , श्याम कुमार पिता राजू मेहता , प्रवीण कुमार पिता बबन मेहता , रंजीत मेहता पिता छोटेलाल मेहता, सचिदानन्द मेहता पिता स्व.बृजननदन मेहता, रामी मेहता पिता स्व. अशोक मेहता ,सोनू कुमार पिता स्व. शिवनन्दन मेहता, कार्तिक मेहता पिता स्व. छोटु मेहता वगैरह उपरोक्त सभी साकिन मसनोडीह थाना डोमचांच जिला कोडरमा के लोगो द्वारा दिनांक 16.01.2025 दिन गुरुवार को तय समय पर डोमचांच थाना प्रभारी, नवलशाही थाना प्रभारी, मरकच्चो थाना प्रभारी एंव अतिरिक्त पुलिस बल एंव डोमचांच अंचलाधिकारी रविन्द्र कुमार पाण्डेय मेरे विपक्ष से साठ- गाठ करके विपक्षों द्वारा कर रहे अवैध निर्माण मे उनका साथ देते हुए मूक दर्शक बने रहे और मंदिर का शिलान्यास करवाकर दो पिलर गाडकर अवैध निर्माण करवा दिया गया। यह कि अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा विपक्षी पर धारा 144 का उल्लंघन का रिपोर्ट डोमचांच थाना एंव डोमचांच अचंलाधिकारी से मांगा गया। जिसमें डोमचांच थाना द्वारा उक्त धारा का उल्लंघन होने का रिपोर्ट दे दिया गया परंतू डोमचांच अंचलाधिकारी द्वारा दो बार रिमाईन्डर होने के बावजूद भी रिपोर्ट नही दिया गया। यह कि उक्त मामलो मे चल रही धारा 144 की कारवाई मे अनुमण्डल दण्डाधिकारी के समक्ष विपक्षी के द्वारा कोई भी जमीन से संबंधित कागजात प्रस्तुत नही किया गया और ना ही कोर्ट की तारीख मे विपक्षीगण उपस्थित भी नही होता है। यह कि धारा 144 की समाप्ति दिनांक 15.03.2025 को होने के पश्चात धारा 145 दिनांक 16.03.2025 को लगा दिया गया व डोमचांच थाना प्रभारी और डोमचांच अंचलाधिकारी द्वारा विपक्षीगण को तामिला करा दिया गया। जिसके पश्चात मेरी जमीन पर 145 का उल्लघन करते हुए जेसीबी मशीन से गड्ढा खोदकर पुरी प्रशासन के सामने 14 पिलर गाड दिया गया जिसमे प्रशासन मुक दर्शक बनी रही। वहीं डोमचांच थाना कांड संख्या 02/2005 15/01/2025, 3/2025 16/01/2025, व 5/2025 18/01/2025 दर्ज है। वहीं दूसरा आवेदन दिन शनिवार को पिंकू कुमार द्वारा कोडरमा पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को देकर बताया कि अपराधियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। वहीं 16 मार्च को मेरे ऊपर जानलेवा हमला कर मेरा मोबाइल छीन लिया। जिससे मेरे परिवार में डर का माहौल बना है। वहीं 19 मार्च को फोन कर जान मारने ओर जमीन लिखने की धमकी दी गई।